# सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी वन भूमि पर खैर के पेड़ों के कटान की अनुमति प्रदान की:मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश के वन विभाग के दस वन मंडलों की सरकारी वन भूमि पर खैर के पेड़ों के कटान की अनुमति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले की पुरजोर वकालत की और इसके फलस्वरूप वन विभाग के पक्ष में निर्णय आया। उन्होंने कहा कि ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, नालागढ़ और कुटलैहड़ वन मंडलों में खैर के पेड़ों की कटान के लिए कार्य योजना तैयार की गई है और इन वन मंडलों में प्रति वर्ष 16500 वृक्षों का कटान निर्धारित किया गया है। खैर का कटान शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाहन, पांवटा साहिब, धर्मशाला, नूरपुर और देहरा पांच वन मंडलों के लिए कार्य योजना तैयार



की जा रही है। उन्होंने कहा कि वन अधिकारी इन पांचों वन मंडलों के लिए कार्य योजना तैयार करने के लिए वनों का निरीक्षण करने और खैर के पेड़ों की गिनती की प्रक्रिया शुरू करेंगे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि खैर के पेड़ों की सिल्वीकल्चर कटाई वन प्रबंधन एवं इनके कायाकल्प के अलावा सरकार के राजस्व सृजन में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि खैर के वृक्षों का समय से कटान नहीं होने के कारण अधिकांश पेड़ सड़ रहे हैं और यह बेहतर वन प्रबंधन की दिशा में एक बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के हित को ध्यान में रखते हुए इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय में उठाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में प्रायोगिक के आधार पर खैर के पेड़ों की कटाई के परिणाम जानने के लिए इसमें पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान की थी। अब शीर्ष अदालत ने वन विभाग की राय एवं केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा शीर्ष अदालत में प्रस्तुत निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए खैर के पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान की है।

## उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने माता बालासुंदरी मंदिर में टेका माथा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने गुरुवार सांय माता बालासुंदरी मंदिर, त्रिलोकपुर में माथा टेका और मां बालासुंदरी का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर एसडीएम नाहन रजनेश कुमार ने उद्योग मंत्री को



माता बालासुंदरी का चित्र भी भेंट किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद परमार, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेन्द्र ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## पांच महीनों से नही मिला वेतन



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब की आशा वर्कर्स को अभी तक पिछले पांच माह से वेतन नही मिला है। अब आशाओं में सरकार के खिलाफ रोष है, क्योंकि उपमुख्यमंत्री ने झूठा वायदा वर्करों से किया। बता दें कि बीते माह आशा वर्कर्स ने नाहन सर्किट हाउस में उप मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया था, इतना ही नहीं उपमुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द उन्हें वेतन दिए जाने को लेकर आश्वासन भी दिया था जो कि अब झूठा साबित हो रहा है। आशा वर्कर का एक प्रतिनिधि मंडल इंटक के जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा की अगुवाई में अपने वेतन को लेकर एसडीएम पांवटा साहिब से मिला। इस मौके पर मौजूद सुभाष शर्मा ने बताया कि आशा वर्कर्स को जनवरी माह से अभी तक वेतन नहीं मिला है, जिसकी वजह से उन्हें परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि आशा वर्कर्स ने अप्रैल माह में इधर-उधर से पैसे उधार लेकर अपने बच्चों की एडमिशन तक करवाई, इसके साथ ही वेतन न मिलने से इनके परिवार का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द आशा वर्कर को इनका वेतन दिया जाए नहीं तो वह प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

## घर लौटते खाई में गिरी कार शिक्षक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के ट्रांसगिरी इलाके के मानल-कांटी मशवा सडक पर हुए हादसे में एक अध्यापक की मौत हो गई है। हादसा वीरवार शाम करीब साढ़े तीन बजे उस समय हुआ जब शिक्षक स्कूल से घर लौट रहा था। मृतक की पहचान 52 वर्षीय ईश्वर चंद शर्मा निवासी रामा धौण, नाहन के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि उनके साथ गाड़ी में एक शिक्षिका भी सवार थी, जो पूरी तरह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार शिक्षक अपनी टियागो कार एचपी-18सी-2471 से कांटी मशवा से सतौन की ओर आ रहा था कि साढ़े तीन बजे के करीब ढाब खड्ड के पास सडक पर आवारा पशु को



बचाते वक्त गाड़ी सडक से बाहर हो गई। गाड़ी सडक से लुढक कर खाई में जा गिरी। इस बीच गाड़ी के एयर बैग भी खुल गए थे। कार में बैठी अन्य महिला अध्यापक बिल्कुल सुरक्षित रही, जबकि अध्यापक ईश्वर चंद के सिर में चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। उधर, डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने हादसे की पुष्टि की है।

## गत्ता उद्योग में लगी भीषण आग में तीन मजदूर झुलसे

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पांवटा साहिब के माजरा स्थित एक गत्ता उद्योग में अचानक आग भडक गई। आग की लपटें इतनी भयावह थी की आग की चपेट में 3 मजदूर आ गए और आग में बुरी तरह से झुलस गए। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक झुलसे मजदूरों को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया फिलहाल मजदूर खतरे से बाहर है। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने बताया कि माजरा से तीन मजदूरों को सिविल अस्पताल लाया गया था। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। उन्होंने बताया की फिलहाल वह खतरे से बाहर है वहीं पुलिस भी अब इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। अस्पताल में आग से झुलसे कंपनी के एक मरीज ने बताया कि जैसे ही वह कंपनी में काम कर रहे थे कि अचानक वहां पर एक ब्लास्ट हुआ और आग की लपटें उठने लगी और कुछ मजदूर झुलस गए। फिलहाल तीनों का सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में इलाज चल रहा है वही आपातकाल सेवा में तैनात डॉक्टर अंगीजमा धर्मा ने बताया कि अस्पताल में तीन मजदूरों को लाया गया था जो आग की वजह से झुलस गए हैं जिनका पावटा अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
प्रेस क्लब हमीरपुर की बैठक का आयोजन कश्मीरी कॉम्प्लेक्स में हुआ। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने की। बैठक संचालक की भूमिका क्लब के महासचिव अरविंदर सिंह ने निभाई। प्रेस क्लब की बैठक में पत्रकार हितों व सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रेस क्लब के भवन निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण संबंधित कार्य को अंजाम तक पहुंचाने की बात रखी गई। इस कार्य को गति प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में क्लब के महासचिव अरविंदर सिंह,



उपाध्यक्ष जसवीर कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल शर्मा शामिल किए गए हैं। यह तीन सदस्यीय कमेटी भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्य को करने का जिम्मा संभालेगी। इसके साथ ही क्लब के सदस्यों के आई कार्ड बनाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं प्रेस क्लब सदस्यों के पारिवारिक मिलन कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी योजना बनाई गई। इस अवसर पर पंकज भारतीय, नीरज ब्यास, नीलकांत भारद्वाज, विशाल राणा, कमलेश कुमार, जीवन कुमार, राजेश खन्ना सुमित कुमार, सुरिंद्र ठाकुर, अश्वनी कुमार, विवेक शर्मा, ऊषा चौहान, मीना कुमारी, मीनाक्षी, संतोष सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## जिसे 'मैं' की हवा लगी, उसे न दवा लगी न दुआ लगी



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
न्यू शिमला सेक्टर-1 स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में आज से त्रिदिवसीय श्री रामचरितमानस ग्रन्थ की कथा का मंगल प्रारम्भ हुआ। कथा के आरम्भ में पहले दिन के यजमानों के द्वारा भगवान एवं श्री रामचरितमानस ग्रन्थ के पूजन किया गया। बड़ी संख्या में कथा रस का आनंद प्राप्त करने आए हुए भक्त समुदाय को सम्बोधित करते हुए कथा व्यास संत पूज्य जयतीर्थ स्वामी ने प्रभु श्रीराम के जन्म एवं अयोध्या नगरी में इसके साथ छाए उल्लास के दिव्य वातावरण का वर्णन किया। इसके साथ पूज्य स्वामीजी ने उपस्थित भक्तों के समक्ष भगवान की विभिन्न बाल लीलाओं के साथ गुरु विश्वामित्र के साथ वनगमन में ताडका, सुबाहु और मारीच वध के साथ अहिल्या उद्धार के प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।
इसके आगे स्वामीजी ने सीता स्वयंवर की कथा के माध्यम से आज की कथा के मर्म को समझाते हुए उपस्थित भक्त समुदाय को बताया कि भगवान के द्वारा शिव धनुष को भंग करने से हमें यह समझना है कि हमें अपने जीवन में अपने अहंकार रूपी धनुष का भंग करना है। सभी दम्पत्ति को इस प्रसंग से यह शिक्षा ग्रहण करनी है कि दाम्पत्य जीवन को सुखी एवं सार्थक बनाना है तो प्रत्येक पति-पत्नी को अपने अहंकार का भंग करना चाहिए। इसके साथ आज की कथा का समापन हुआ। कथा का समय प्रतिदिन संध्या 6से 8बजे का है। शिमला महानगर के स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर द्वारा आयोजित श्री रामचरितमानस कथामृत का शुभारम्भ आज संध्या कलश यात्रा के साथ हुआ। आज से यह त्रिदिवसीय कथा न्यू शिमला सेक्टर-1 स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में प्रारम्भ हो रही है। प्रतिदिन इस कथा का समय संध्या 6 से 8:30 बजे का रहेगा।

## लाहुल में जल्द उड़ान भरेंगे मानव परिंदे, नई पैराग्लाइडिंग साइट्स होंगी चिन्हित : रवि ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/नरेंद्र अंगारिया**
लाहुल में सहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कदमताल शुरू कर दी है। अब जल्द ही टिलिंग गांव से जहां मानव परिंदे उड़ान भरते नजर आएंगे, वहीं घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग की नई साइटों को विकसित किया जाएगा। इस बात का खुलासा गुरुवार को लाहुल दौरे के दौरान स्थानीय विधायक रवि ठाकुर ने किया है। उन्होंने कहा कि घाटी के युवाओं को रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। ऐसे में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन के साथ मिल उन्होंने एक मास्टर प्लान तैयार किया है जिसके तहत लाहुल स्पीति में जहां नए आइस

**▶▶ विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि यही नहीं इसके अलावा घाटी के युवाओं को साहसिक खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा**

स्केटिंग रिंगए हेली स्कीइंग के अलावा आने वाले समय में सैलानियों को रोप वे की सुविधा भी घाटी में उपलब्ध होगी। विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि यही नहीं इसके अलावा घाटी के युवाओं को साहसिक खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अच्छी तरह ट्रेनिंग हासिल करने के बाद घाटी के युवा आने वाले समय में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को साहसिक खेलों को लेकर ट्रेंड करेंगे इसे लेकर एक एडवेंचर स्पोर्ट्स का ट्रेनिंग बेस



कैंप भी यहां तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घाटी के युवाओं को पर्यटन कारोबार से जोड? के लिए जहां सरकार के माध्यम से हर सुविधा युवाओं को उपलब्ध करवाई जाएगी, वहीं अच्छे रेस्तरां और होटल भी विभिन्न स्थानों पर खोले जाएंगे। विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि पड़ोसी जिला कुल्लू की अगर बात करें तो कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों में जहां इन दिनों पैराग्लाइडिंग के माध्यम से सैंकडों युवाओं को अच्छा रोजगार उपलब्ध हो पाया है, वहीं आने वाले समय में लाहुल के विभिन्न क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग साइट्स स्थापित की जाएंगी और यहां के युवाओं को भी इस रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि टिलिंग में उन्होंने प्रशासन के साथ पैराग्लाइडिंग साइड का गुरुवार को जायजा लिया है और जल्द ही इस क्षेत्र से मानव परिंदे उड़ान भरते नजर आएंगे। लाहुल दौरे के दूसरे दिन जल शक्ति विभाग के एसई विनोद जी सहित लाहुल स्पीति प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी विधायक के साथ मौजूद रहे। इस दौरान विधायक रवि ठाकुर ने तिनन एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों के साथ भी बैठक कर पर्यटन को लेकर रणनीति बनाई। विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि जून माह के पहले सप्ताह में लाहौल स्पीति में विशेष पौधारोपण अभियान का आगाज किया जाएगा। इस के साथ-साथ घाटी में पानी की समस्या न हो इसे लेकर भी प्रशासन को विशेष दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।
गुरुवार को विधायक रवि ठाकुर ने शुलिंग, रालिंग, जागला, मुर्तिचा, खांगसर, टिलिंग, गोंदला सहित अन्य गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निपटारा किया।

## दो वाहनों में हुई भिड़ंत, एक कार से पकड़ी अवैध शराब

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के मेलियो में एक मारुति व डिजायर कार में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने एक कार से देसी शराब भी पकड़ी है। जानकारी के मुताबिक, रमजान पुत्र मोहम्मद रसीद निवासी गांव मेलियो माजरा तहसील पांवटा साहिब के बयान पर पुलिस थाना में मामला दर्ज हुआ है।
पुलिस को दिए अपने बयान में रनजान ने बताया कि वह कल रात को अपनी कार मे मिश्रवाला



से माजरा जा रहा था। इस दौरान जब वह मेलियो में पुल के पास पहुंचा, तो इसके आगे एक डिजायर कार एचपी-71-4803 व उसके आगे एक मारुती कार एचआर-70-7143 नाहन की तरफ जा रही थी। तभी नाहन की तरफ से एक गाड़ी बहुत तेज गती से आई, जिसने डिजायर कार के आगे चल रही एक मारुती कार को उसकी साईड में जाकर टक्कर मारी और वह कार घूम कर पुल के साथ रुक गई। डिजायर कार भी अपनी बाई तरफ एक पेड से जा टकराई। इतने में शिकायतकर्ता ने अपनी कार वहीं पर रोकी ओर उन गाड़ियों के पास गया। मारुति कार में अकेला चालक ही थाए जिसे कंडक्टर साईड से बाहर निकाला और प्राईवेट गाडी मे पाँवटा साहिब अस्पताल भिजवाया। वहीं हादसे को अंजाम देने वाली कार का नम्बर एचपी-17ई-0890 है, जिसका चालक मौके से फरार हो गया था, उसे देखा तो नहीं गया, लेकिन इस कार से शराब की गन्ध आ रही थी, जिसकी पिछली सीट पर देशी शराब की काफी बोतले देखी। शायद इसी वजह से वह कार चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था।
वहीं सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी की तलाशी ली गई तो गाड़ी के अंदर से 77 बोतले देसी शराब फॉर सेल इन हरियाणा बरामद हुई है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए पांवटा साहिब के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि माजरा पुलिस थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## दिन-दिहाड़े कालाअंब ज्योति बैंक में पिस्तौल की नोक पर डाका



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
कालाअंब त्रिलोकपुर रोड गली में स्थित ज्योति कोऑपरेटिव सोसायटी बैंक में दिनदहाड़े डाका डाला गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना करीब पौने 4 बजे के आसपास की गई। बताया जा रहा है कि तीन नकाबपोश बदमाश पिस्टल से लैस होकर बैंक में धमक गए।
बैंक में घटना के दौरान केवल दो ही कर्मचारी मौजूद थे। लुटेरों ने बैंक कर्मी के कनपटी पर पिस्टल लगाकर लॉकर में रखे 1,78,000 के लगभग हार्ड कैश को लूट लिया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों डकैत मौके से फरार हो गए। घटना के बाद कालाअंब में हडकंप मच गया है। घटना की जानकारी कालाअंब थाना को दी गई। कालाअंब थाना इंचार्ज मोहर सिंह का कहना है कि उन्होंने पुलिस पार्टी को घटनास्थल पर भेज दिया है। अभी उनके पास पूरी जानकारी नहीं आई है। बैंक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लूट के पैसों में आज की गई कलेक्शन भी शामिल थी।
हैरानी की बात तो यह है कि इस छोटी से कोऑपरेटिव सोसायटी बैंक में सुरक्षाकर्मी भी मौजूद नहीं है। संभवत लूटेरे ने इसे इजी टारगेट मानते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया है। बता दें कि यह शाखा एक घर के ऊपर खोली गई है। एक में केवल 2 ही कर्मचारी नियुक्त हैं। इस घटना के बाद पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने चारों तरफ नाकेबंदी भी शुरू कर दी है।

## मोदी सरकार ने देश और हिमाचल में किया विकास :त्रिलोक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बिलासपुर से विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के केंद्र सरकार के स्वर्णिम 9 वर्ष 30 मई को पूर्ण होने जा रहे हैं और जिस प्रकार से हिमाचल में भी डबल इंजन सरकार ने काम किया था उस से हिमाचल प्रदेश को बहुत फायदा हुआ था। मोदी और जयराम कॉम्बिनेशन को जनता आज भी याद करती है।
हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार ने एम्स, बल्क ड्रग पार्क, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल डिवाइस पार्क, जल विद्युत योजनाएं जैसी अनेकों सौगातें दी है और उसका फंड निरंतर प्रदेश के आ रहा



है। आज हिमाचल प्रदेश में लाइफ लाइन का काम करने वाले सडक मार्ग फोरलेन हो रहे हैं और इसके लिए भी केंद्र 90प्रतिशत फं डिंग दे रहा है, केंद्र का हिमाचल प्रदेश को अद्भुत लाभ हुआ है और मोदी जी का हिमाचल प्रदेश से एक स्वर्णिम नाता रहा है। मोदी यह नहीं देखते कि प्रदेश में कौन सी सरकार कार्य कर रही है पर वह प्रदेश के लिए सकारात्मक दृष्टि से उत्तम कार्य करते हैं, उन्होंने कहा कि हमारा अभियान तीन चरणों में चलेगा पहले चरण में मोदी जी 29 और 30 मई को भारत में दो विशाल जनसभा को संबोधित कर इस कार्यक्रम का आगाज करेंगे जिसको भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और जनता वर्चुअल माध्यम से पूरे देश भर में देखेंगे दूसरे चरण में 1 जून से 22 जून तक भाजपा पूरे देश भर में 100000 वरिष्ठ परिवारों से संपर्क करेगी जिसमें हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 250 और विधानसभा में 65 परिवारों से हमारा नेतृत्व संपर्क करेगा। हम प्रत्येक लोकसभा में एक विशाल जनसभा का आयोजन भी करेंगे उसके उपरांत, प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें भाजपा नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष की बड़ी उपलब्धियों को जनता के बीच में जाएगी। पार्टी सोशल मीडिया पर प्रभावशाली व्यक्ति मीट का आयोजन करेंगे जिससे आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा लाभ होगा और अंतिम में हम इस चरण में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में व्यापारी सम्मेलन का भी आयोजन करेंगे। उसके उपरांत तीसरे चरण में हम विकास तीरथ का एक कार्यक्रम प्रत्येक लोकसभा में करेगे बड़े-बड़े विकास कार्यों के स्थान पर जनता को ले जाया जाएगा, भाजपा वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ भोजन व परिचय बैठकें आयोजित करेगी जो विधानसभा स्तर पर होगी, संयुक्त मोर्चा सम्मेलन यह भी विधानसभा स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, योग दिवस हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस को अंतर्राष्ट्रीय दिवस बनाया है इसको बड़े स्तर पर भारतीय जनता पार्टी मनाएगी।20 जून से 30 जून तक भाजपा घर-घर संपर्क अभियान चलाएगी जिसके हमारा समस्त नेतृत्व घर-घर जाकर मोदी जी की सरकार के पत्रक वितरित करेंगे।

## लालूवाल में सट्टा लगाते एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के तहत लालूवाल में पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते हुए काबू किया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस वीरवार शाम को लालूवाल में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने अशोक कुमार निवासी दुलैहड़ को सट्टा लगाते हुए काबू किया। जिससे पुलिस ने 910 रुपये की नगदी बरामद की। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने अशोक कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगी महत्वाकांक्षी राजीव गांधी स्वरोजगार योजना

# हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाएगी प्रदेश सरकार:सीएम

**▶▶ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हाल ही में मंत्रिमंडल ने इस महत्त्वकांक्षी योजना को शुरू करने की मंजूरी दी है**



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये राज्य सरकार द्वारा 10 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राजीव गांधी स्वरोजगार योजना-2023 शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हाल ही में प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस महत्त्वकांक्षी योजना को शुरू करने की मंजूरी दी है। यह योजना हिमाचल को वर्ष-2026 तक देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में विकसित करने में सहायक सिद्ध होगी। इस योजना के तहत राज्य के युवाओं कोई-टैक्सियां, ई-बसें, ई-ट्रक खरीदने और एक मेगावाट तक वाणिज्यिक सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए प्रोत्साहन, रियायतें और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के साथ इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर दृढ़ता से काम कर रही है। राजीव गांधी स्वरोजगार योजना से एक ओर जहां स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे वहीं दूसरी ओर सरकारी विभाग इलेक्ट्रिक वाहन सेवा प्रदाताओं की सेवाएं प्राप्त करने में भी सक्षम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को व्यापक विस्तार देने के लिए दंत क्लीनिक स्थापित करने के लिए मशीनरी और उपकरणों की खरीद और मत्स्य पालन पर आधारित परियोजनाओं और इसके प्रसंस्करण को भी इस इसके दायरे में लाया गया है। सरकार द्वारा 60 लाख तक के संयंत्र और मशीनरी की खरीद पर 25 प्रतिशत के निवेश अनुदान का प्रावधान किया गया है। इसके तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को 30 प्रतिशत अनुदान और सभी महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों और दिव्यांगजनों को 35 प्रतिशत उपदान का प्रावधान है। इनई-वाहनों की खरीद के लिए अनुदान का हिस्सा समान रूप से 50 प्रतिशत होगा, जबकि एक मेगावॉट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए यह पात्र श्रेणियों के लिए 40 प्रतिशत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार न केवल स्थानीय युवाओं को अनुदान देकर निजी क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रयासरत है, बल्कि सरकारी क्षेत्र में विभिन्न पदों पर भर्ती भी कर रही है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में अकेले प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों के लगभग 5300 पदों को भरने का निर्णय लिया गया है और इन्हें भरने की प्रक्रिया शीघ्र ही हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रारंभ की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह निर्णय राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसरप्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है।

## कमांडिंग-इन-चीफ ने राज्यपाल से की भेंट



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

पश्चिमी कमान के कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल नव कुमार खंडूरी ने आज राज भवन में राज्पाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने राज्यपाल के साथ सैनिकों के कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## न्यूज फ्लैश

### मनाली लेह मार्ग पर सफ र कर सकेंगे पर्यटक

**टीम एक्शन इंडिया/नरेंद्र अंगारिया/केलांग**

पर्यटकों के लिए मनाली लेह मार्ग खुल जाएगा। लाहुल स्पीति प्रशासन ने लेह प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर इस मार्ग को एक तरफा फोर व्हील ड्राइव वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। 22, 24 व 26 मई को मनाली की ओर से लेह के लिए जाएंगे जबकि 23, 25, 27 मई को लेह से मानली की ओर वाहन आएंगे। हालात सामान्य होने पर एक जून के बाद मार्ग दोनों तरफा वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। लेह लद्दाख के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग करने के बाद उपायुक्त लाहुल स्पीति राहुल कुमार ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस बार हिमपात अधीक होने से यह मार्ग वाहनों के लिए देरी से बहाल हुआ है। बारालाचा की ओर पर्यटकों को अभी जिंगजिंगबार तक भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरचू पर्यटन स्थल भी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। दोनों दर्रों की ओर दारचा चैक पोस्ट से जाने का समय साढ़े सात से दस बजे के बीच का रहेगा।उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि समय सीमा का ध्यान रखें और खराब मौसम में सफर न करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से सोमवार को सरचू में पुलिस पोस्ट स्थापित कर दी जाएगी। ताकि मनाली लेह मार्ग पर आने जाने वाहनों पर नजर रखी जा सके। एसपी मयंक चौधरी ने लेह मार्ग पर सफर करने वाले पर्यटकों से आग्रह किया कि आपदा प्रवंधन द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन करें ताकि दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस का सहयोग करें और पुलिस द्वारा रोकने पर रुक जाएं।

### विशेष वर्गों के पात्र अभ्यर्थी पीजीडीसीए और डीसीए के लिए करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

कल्याण विभाग की ओर से विशेष वर्गों के पात्र अभ्यर्थियों से पीजीडीसीए और डीसीए के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागए निदेशालय अनु. जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण द्वारा कम्प्यूटर एप्लीकेशन व समवर्गी क्रियाकलापों में प्रशिक्षण एवं दक्षता योजना के अन्तर्गत इन डिप्लोमा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके तहत वह प्रार्थी आवेदन कर सकते हैं जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विधवा, एकल नारी व विशेष रूप से सक्षम से सम्बन्धित रखते हैं। उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अभ्यर्थी गरीबी रेखा से नीचे रह रहे चयनित परिवारों के सदस्य हों या जिनके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपए से कम हो। उक्त शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी 22 जून 2023 तक संबंधित जिला कल्याण अधिकारी को सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं।

जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार आवेदन के साथ दसवीं, 102 तथा स्नातक कक्षा के प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सम्बन्धित पंचायत सचिव से जारी बीपीएल प्रमाण पत्र जो छह माह के भीतर जारी किया हो संलग्न करें। इसके अलावा जो आवेदक बीपीएल परिवार में चयनित नहीं है, वह अपना आय प्रमाण पत्र, जो नायब तहसीलदार से कम रैंक के अधिकारी द्वारा जारी न किया गया हो, को संलग्न करें। साथ ही हिमाचली प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतियां भी संलग्न करनी होंगी। अधिक जानकारी के लिये सम्बन्धित जिला कल्याण अधिकारी या तहसील कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। पीजीडीसीए और डीसीए दोनों डिप्लोमा में नाइलेट/सीडैक के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। पीजीडीसीए के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक और डीसीए के लिए 12वीं पास होना अनिवार्य है। दोनों की प्रशिक्षण अवधि एक वर्ष है। यह कोर्स नाइलेट राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की एक स्वायत वैधानिक संस्था तथा सीडैक सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवासड कम्प्यूटिंग के माध्यम से करवाए जाएंगे। सभी कोर्स 01 जुलाई 2023 से प्रारम्भ होगें। इन कोर्स के लिए प्रशिक्षण सभी जिला मुख्यालयों लाहौल स्पीति को छोडकर पर दिया जायेगा। जिला लाहौल स्पीति से सम्बन्धित अभ्यार्थियों को प्रशिक्षण कुल्लू में दिया जायेगा।

## जिला रोजगार कार्यालय चंबा में 27 मई को होगा लघु रोजगार मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा 27 मई को जिला रोजगार कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेन्टर बालू चंबा में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि लघु रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 15 से 20 नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों हेतु जिला चंबा व अन्य स्थानों के लिए नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेले में आठवीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, होटल मैनेजमेंट में ग्रेजुएट, टीजीटी मेडिकल, आर्ट्स विषय के साथ टैट, एनटीटी, शास्त्री टैट सहित, बीबी, और आईटीआई पास पुरुष एवं महिला इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता के साथ आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, अपना बायोडाटा, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, हिमाचली प्रमाण पत्र तथा तीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित समय पर उपस्थित हो जाएं।

## आयुष विभाग तीनों फॉर्मेसियों का भी होगा स्ट्रैंथन: हर्षवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

हिमाचल प्रदेश सरकार का आयुष विभाग बहुत जल्द स्वास्थ्य पर्यटन को रोजगार का एक बड़ा जरिया बनाने जा रहा है। अब यदि प्रदेश का बेरोजगार युवा नेचरोपैथी में पंचकर्म और मसाज को अपने व्यवसाय का जरिया बनाना चाहता है तो आयुष विभाग उनका हर सहयोग करेगा।यह जानकारी आज सर्किट हाउस में उद्योग एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि होमस्टे योजना तथा होटल व्यवसाय के साथ पंचकर्मए नेचरोपैथी और हर्बल मसाज को जोड़ने से ना केवल पर्यटन को पंख लगेंगे बल्कि ऑफ सीजन



में भी देश और विदेश का पर्यटक प्राकृतिक उपचार के लिए यहां बना रहेगा।हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि इसके लिए आयुष विभाग हर संभव सहायता भी उपलब्ध कराएगा। यही नहीं हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि 2007 के बाद विभाग की ओर से किसी को भी केरला में पंचकर्म और मसाज की ट्रेनिंग के लिए नहीं भेजा गया था।उन्होंने कहा कि अब बहुत जल्द ही 36 मसाज एक्सपर्ट को विभाग में रिक्रूट किया जाएगा। साथ ही विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग के लिए केरला भी भेजा जाएगा। इसके साथ-साथ हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि यदि कोई आयुष विभाग के अस्पतालों में पंचकर्म आ अथवा आयुर्वेदिक हर्बल मसाज सेंटर खोलना चाहेगा तो उसे लीज पर अलॉटमेंट भी दी जाएगी।हर्षवर्धन चौहान का कहना है कि आयुष विभाग का अब यह लक्ष्य रहेगा कि लोगों को अस्थाई नहीं बल्कि स्थाई रूप से जटिल से जटिल रोगों में उपचार मिले। वहीं मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार आयुष विभाग का स्ट्रैंथन भी करने जा रही है जिसके तहत खाली पड़े पदों को भी भरने के लिए कवायद शुरू कर दी गई है।उन्होंने कहा कि खाली पड़े 135 डॉक्टरों के पद 55 पोस्टर फार्मासिस्ट तथा 36 मसाज एक्सपर्ट्स की पब्लिक सर्विस कमीशन की मार्फत रिक्रूटमेंट की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की प्रदेश में स्थित इनफॉर्मेसियों का भी आधुनिकीकरण किया जाएगा। जिससे इन फामेर्सी में होने वाले प्रोडक्शन को दुगना कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं व्यवस्था में लाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि माजरा जोगिंदर नगर और बैजनाथ के पपरोला में स्थित फामेर्सी के लिए योजना भी तैयार कर ली गई है। जिसमें जोगिंदर नगर फामेर्सी में नई मशीनरी लगा दी गई है।

## शिवाली ठाकुर का बतौर तहसीलदार चयन

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मनाली से साथ लगते कन्याल गाँव की शिवाली ठाकुर का बतौर तहसीलदार चयन हुआ है। हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा में शिवाली ठाकुर के बतौर तहसीलदार चयन होने पर उन्होंने कुल्लू घाटी के ऊझी क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

2017 की हिमाचल प्रदेश एलाइड सर्विसेज की टॉपर शिवाली ठाकुर अभी मंडी में बतौर तहसील कल्याण अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। यह उनका पांचवा प्रयास था जब उनका



चयन हुआ। पंडोह के पास स्प्रेई गांव की शिवाली ठाकुर के पिताजी राम चंद्र ठाकुर लोक निर्माण विभाग से अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं जबकि उनकी माताचंपा ठाकुर अध्यापिका है। शिवाली की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, डीएवी स्कूल और उसके पश्चात पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने फिजिक्स में एमएससी की शिक्षा पाई है। शिवाली ठाकुर के पति दीक्षांत ठाकुर पहले से ही थुनाग में तहसीलदार कार्यरत हैं। बातचीत में शिवाली ठाकुर ने बताया कि उन्हें बचपन से ही प्रशासनिक सेवाओं में काम करने में रुचि रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, पति व ससुर टेक चंद ठाकुर को दिया है जिन्होंने हर कदम पर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## संधू जठेरे का भंडारण 21 मई को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गांव त्यारा में संधू जठेरेकल्याण समिति की बैठक शुक्रवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता रमेश चन्द संधू ने की। रमेश चंद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई को संधू जठेरे का भण्डारा किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि सुबह पूजा अर्चना व हवन डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कायक्रम में हिमाचल ही नही बल्कि अन्य राज्यों से भी संधू परिवार हिस्सा लेते है। इस बैठक में राज कुमार संधू, अवतार संधू, मोहन लाल, स्वर्ण सिंह, मनजीत संधू, सलविंद्र सिंह संधू, मेलू राम व धर्मपाल उपस्थित रहे।

## लाहौल स्पीति में साहसिक खेलों को दिया जाएगा बढ़ावा, नई पैराग्लाइडिंग साइट्स होंगी चिन्हित



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए जल्द ही टिलिंग गांव से पैराग्लाइडिंग की गतिविधियां शुरू की जाएंगी जहां से मानव परिंदे उड़ान भरते नजर आएंगे और वहीं घाटी के विभिन्न क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग की नई साइट्स को विकसित किया जाएगा और जिला के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।यह बात स्थानीय विधायक रवि ठाकुर ने लाहौल के शुलिंग, रालिंग, जागला, मुर्तिचा, खांगसर, टिलिंग, गोंदला के साथ लगते गांवों में लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि घाटी के युवाओं को पर्यटन व्यवसाय से जुड़ी गतिविधियों में शामिल कर स्वरोजगार से जोड ?ा उनकी प्राथमिकता में शुमार है। ऐसे में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन के साथ उन्होंने एक मास्टर प्लान तैयार किया है जिसके तहत लाहौल स्पीति में साहसिक खेलों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा जिसके तहत नए आइस स्केटिंग रिंग, हेली स्कीइंग, जिला के अनछूऐ पर्यटक स्थलों को उजागर करने की दृष्टि से भी कार्य योजना पर इको टूरिज्म सोसाइटियों के माध्यम से प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने आने वाले समय में सैलानियों को रोप वे की सुविधा भी घाटी में उपलब्ध करवाने की बात कही।विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि घाटी के युवाओं को साहसिक खेलों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अच्छी तरह ट्रेनिंग हासिल करने के बाद घाटी के युवा आने वाले समय में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को साहसिक खेलों को लेकर भी प्रशिक्षित करेंगे, इस को लेकर एक एडवेंचर स्पोर्ट्स का ट्रेनिंग बेस कैंप भी यहां तैयार किया जाएगा जिस के लिए जिला प्रशासन को संभावनाएं तलाशने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि घाटी के युवाओं को पर्यटन कारोबार से जोड़ने के लिए जहां सरकार के माध्यम से हर सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं वहीं अच्छे रेस्तरां और होटलज के लिए भी मूलभूत सुविधाएं भी जुटाई जाएंगी।

## जमीन उपलब्ध होने पर सतौन में खुलेंगे पीएचसी तथा आईटीआई-चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सतौन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आईटीआई खोली जाएगी। वह शुक्रवार को जिला सिरमौर के अपने प्रवास के दूसरे दिन सतौन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जन समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उद्योग मंत्री से क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि-मंडलों ने भेंट करके प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा आईटीआई शीघ्र खोलने का आग्रह किया। उद्योग मंत्री ने स्थानीय



जनप्रतिनिधियों से तथा संबंधित विभागों से इन संस्थानों के लिए जल्द से जमीन तलाशने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जैसे ही भूमि की उपलब्धता होगी यह दोनों संस्थान क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इन संस्थानों को खोलने के लिए भूमि सम्बन्धी मामले को आगे बढ़ाने हेतु उद्योग मंत्री का आभार जताया। क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों ने उद्योग मंत्री से सतौन में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल की स्थापना करने का भी आग्रह किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि इस स्कूल को खोलने की व्यवहारिकता का पता लगाने के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकता है।उद्योग मंत्री के समक्ष सतौन में पोका, भझोन, चांदनी, कठवार, कोटगा, साखोली, कांटी मशवा तथा बड़वास ग्राम पंचायतों के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। उद्योग मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के सहयोग से लोगों की अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान किया। जिला कांग्रेस सचिव रामेश्वर शर्मा, पूर्व प्रधान शमशेर गुप्ता, मंडल महासचिव पंकज शर्मा तथा जगत सिंह तोमर सहित विभिन्न पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि व विभागों के अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

# कोकसर से छतड़ू के लिए बनेगी नई सड़क : विधायक रवि ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नरेंद्र अंगारिया/केलांग**

लाहुल से काजा की दूरी जल्द कम होने जा रही है। यही नहीं पांच से छह घंटे का सफर भी महज चार घंटे में ही तय कर लिया जाएगा। इस बात का खुलासा लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने अपने लाहुल दौरे के पहले दिन कोकसर में ग्रामीणों के साथ आयोजित बैठक में किया है। उन्होंने कहा कि कोकसर से छतड़ू के लिए एक नई सडक का करोडों रुपयों कि लागत से निर्माण किया जाएगा। इस सडक के तैयार होने के बाद जहां ग्रांफू काजा सडक पर तीन माह अतिरिक्त वाहनों की आवाजाही आसानी से हो सकेगी वहीं काजा की दूरी भी करीब 15 से 20 किलोमीटर कम होगी। विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि कोकसर से बनने वाले इस वैकल्पिक मार्ग को लेकर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दे दिए गए हैं वहीं इस सडक का निर्माण बीआरओ के माध्यम से करवाने का भी आग्रह सरकार से किया गया है। विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि इसके अलावा बातल से ग्रांफू तक सडक को चकाचक करने का कार्य भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा इसे लेकर बीआरओ के अधिकारियों ने



कदमताल शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि सुमदो लोसर व लोसर से ग्रांफू सडक को चकाचक करने के कार्य को लेकर बीआरओ ने टेंडर कर दिया है और निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीनरी को भी भेज दिया गया है। विधायक रवि ठाकुर ने बताया कि बीआरओ के अधिकारियों के साथ उनकी बैठक हुई है और अधिकारियों ने उन्हें यह जानकारी दी है कि ग्रांफू काजा सडक को भी 21 मई को वाहनों की आवाजाही के लिए बाहर कर दिया जाएगा। लाहुल स्पीति पर्यटन कारोबार बढ़े इसके लिए मास्टर प्लान के तहत कार्य किया जा रहा है। ऐसे में उन्होंने कोकसर से रोहतांग की तरफ पर्यटक स्थलों का जायजा भी लिया और प्रशासन को को उचित दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि घाटी में दिन-प्रतिदिन सैलानियों की संख्या बढ़ रही है ऐसे में रोहतांग दर्रे के बहाल होने के बाद जहां सैलान दर्रे का रुख कर रहे है, वहीं उक्त पर्यटक स्थलों पर पार्किंग की उचित व्यवस्था करने साथ ही साथ वाहनों को सडक किनारे पार्क न करवाने को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों को पार किया जाए। इसे लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी अपनी विशेष नजर इस व्यवस्था पर रखें। साथ ही साथ उन्होंने उपायुक्त लाहुल स्पीति से यह आगरा किया है कि डिजास्टर मैनेजमेंट के कर्मियों व अधिकारियों को यह निर्देश दें कि घाटी के मौसम को ध्यान में रखकर ही सैलानियों को अपडेट दें न कि कमरे में बैठ शिमला से जारी होने वाली एडवाइजरी को लागू करें। अक्सर ने देखने में आया है कि प्रदेश के अन्य जिलों में जहां मौसम खराब बताया जाता है। वहीं लाहुल घाटी में मौसम बिल्कुल साफ रहता है, लेकिन शिमला से जारी खराब मौसम की एडवाइजरी को ध्यान में रखते हुए जिला का आपदा प्रबंधन वे बजा ही सैलानियों की आवाजाही को रोक देता है, जबकि घाटी में मौसम के खराब होने संबंधित किसी भी तरह की कोई गतिविधि नहीं देखी जाती है। उन्होंने उपायुक्त लाहौल स्पीति से यह आग्रह किया है कि आपदा प्रबंधन के अधिकारियों को लाहुल स्पीति के मौसम की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए ही कदम उठाने को कहा जाए। विधायक रवि ठाकुर ने बुधवार को कोकसर पंचायत, सिस्सू पंचायत, डिम्पुक, तेलिंग, खरचोद, तोचे के ग्रामीणों की जहां दिक्कतें जानी वहीं लावरंग गोंपा कमेटी के सदस्यों से भी मुलाकात की। बहरहाल लाहुल से अब जल्द ही स्पीति घाटी की दूरी जहां कम होगी, वहीं नई सडक का निर्माण कार्य कोकसर से शुरू कर दिया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा अभियान के अतंर्गत परिवहन विभाग ने जन जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

## सूचना एंव जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत से लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

सडक सुरक्षा अभियान के अतंर्गत गत दिवस आइएसबीटी पर परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सूचना एंव जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा नुक्क्ड़ नाटक एंव गीत संगीत के माध्यम से उपस्थित जनता को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंजीत शर्मा भी मौजूद रहे।

अपने संबोधन में मंजीत शर्मा ने बताया कि सडक पर लगातार बढ़ते वाहनो को देखते हुऐ सडक सुरक्षा नियमों का पालन अति आवश्यक है, जिससे कि वाहन चालक एवं सडक पर चल रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करने वाले को गुड सामारिटन नेक व्यक्ति की संज्ञा दी गई है। जिसके तहत सहायता करने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही में नहीं फंसाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, परिवहन विभाग द्वारा गत दिवस 18मई को तारा देवी में आँखों की जांच के लिए कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें कि लाईसेंस लेने वाले एवं पासिंग हेतु आए व्यक्तियों की आँखों की जांच की गई। परिवहन विभाग द्वारा आगामी दिनों में भी इसी प्रकार के आयोजन किये जाएगें जिससें जनता सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक बने।



## रविवार को बसें न चलने से यात्रियों में भारी रोष

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के दौलतपुर भद्रकाली से मुबारकपुर रोड पर रविवार को बसें ना चलने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के यात्रियों को बस सुविधा का लाभ लेने के लिए घर से काफी दूरी पैदल जाना पड़ता है। इसी के चलते ग्रामीणों में भारी रोष हैं।

# इग्नू ने की ऑनलाइन परिचय बैठक आयोजित

## एक जून से आयोजित हो रही है सत्रांत परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

इग्नू अध्ययन केंद्र कुल्लू 1107 में जनवरी 2023 के प्रवेषार्थियों के लिए ऑनलाइन परिचय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 64 प्रवेषार्थी सम्मिलित हुए। इग्नू के सह समन्वयक प्रो.चेत राम ने प्रवेषार्थियों को इग्नू से संबंधित जानकारी दी। बैठक करीब एक घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विष्वविद्यालय है और जो छात्र किसी कारणवष नियमित तौर पर पढ़ाई नहीं कर पाते, उनके लिए इग्नू एक उम्दा प्लेटफ ार्म साबित हो रहा है। प्रो. चेत राम ने बताया कि जनवरी सत्र में 442 नवीन पंजीकरण व 316 ने पुनः पंजीकरण किया है। परिचय बैठक में विद्यार्थियों को पंजीकरण, पुनः पंजीकरण, असाइनमेंट बनाना, सत्रीय कार्य, सत्रांत परीक्षा, वेबसाइट से इग्नू के प्रष्न पत्र



निकालने आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रो.चेत राम ने बताया कि जून माह में होने वाली परीक्षा की फ इनल डेट शीट जारी हो चुकी है। इसके मुताबिक एक जून से 6 जुलाई तक परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। इसके हॉल टिकट निकलने भी शुरू हो चुके हैं। उन्होंने जून माह में होने वाली परीक्षा में शामिल होने वाले सभी परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे अपने साथ हॉल टिकट व पहचान पत्र साथ लायें। इनके बिना किसी को भी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जुलाई सत्र 2023 के लिए नवीन पंजीकरण भी षुरू हो गया है। फ्रे ष एडमिषन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है जबकि पुनः पंजीकरण 15 जून तक किया जा सकता है। पुनः पंजीकरण का अर्थ किसी कोर्स के अगले वर्ष या अगले सेमेस्टर के लिए पंजीकरण करना होता है। उन्होंने बताया कि पुनः पंजीकरण वही छात्र कर सकते हैं जो दो या तीन साल अवधि वाले स्नातक व स्नातकोतर प्रोग्राम के लिए पहले से ही दाखिला ले चुके हैं। सह समन्वयक ने बताया कि जो विद्यार्थी परिचय बैठक का हिस्सा नहीं बन पाये, उन्हें पंजीकृत ईमेल के माध्यम से जानकारी दी जायेगी। बैठक में छात्रों को आमतौर पर आने वाली दिक्कतों व उसके समाधान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि इग्नू विभिन्न यूजी, पीजी, पीजी डिप्लोमा, प्रमाण पत्र, एडवांस डिप्लोमा सहित अन्य कोर्सेज को

## न्यूज फ्लैश

### जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग में ग्यारहवीं कक्षा के लिए 31 मई तक करें आवेदन, जुलाई में होगी प्रवेश परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग में ग्यारहवीं कक्षा के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित हैं। यह जानकारी देते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत ने बताया कि ग्यारहवीं कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा जुलाई माह में होगी । ऑनलाइन आवेदन के अंतिम तिथि 31 मई 2023 है। आवेदन करने हेतु प्रार्थी ने गत सत्र में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की हो व जन्मतिथि 01 जून 2006 से 31 जुलाई 2008 के मध्य होनी चाहिए। ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते है। अधिक जानकारी के लिए 7008289709, 9423120779, 9459301554 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हमीरपुर में मीजल्स-रूबैला के उन्मूलन के लिए चलेगा व्यापक अभियान, जिला स्तरीय टास्क फ ोर्स की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

खसरा यानि मीजल्स और रूबैला बीमारी पूर्ण रूप से खत्म करने के लिए जिला हमीरपुर में एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को प्रभावी एवं सुनियोजित ढंग से पूर्ण करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। वीरवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टास्क फ ोर्स की बैठक में इस विशेष अभियान की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि खसरा यानि मीजल्स और रूबैला की बीमारी से रोकथाम के लिए शिशुओं को एमआर वैक्सीन लगाई जाती है। इन दोनों बीमारियों को पोलियो की तरह ही खत्म करने के लिए जिला हमीरपुर में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों और सभी खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अभियान के संबंध में स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षित करें और शत-प्रतिशत बच्चों को एमआर वैक्सीन का टीकाकरण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिला हमीरपुर के अधिकांश बच्चों को एमआर वैक्सीन लगाई जा चुकी है, लेकिन किन्हीं कारणों से एमआर टीकाकरण से छूटे बच्चों को चिह्नित करने के लिए सभी खंड चिकित्सा अधिकारी फील्ड में तैनात स्वास्थ्य कर्मचारियों, आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स के माध्यम से एक व्यापक अभियान के तहत मिशन मोड में कार्य करें। हेमराज बैरवा ने कहा कि टीकाकरण के साथ-साथ बच्चों में मीजल्स एवं रूबैला जैसे लक्षणों के मामलों पर भी विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। ऐसे मामलों की पहचान एवं उपचार के लिए भी स्वास्थ्य विभाग की टीमों को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। बैठक में विशेष अभियान से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय जगोता, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राकेश कुमार, विश्व स्वास्थ्य संगठन की डॉ.उषा और मेडिकल कालेज हमीरपुर के मेडिसिन विभाग, बाल रोग विभाग, माइक्रोबायोलॉजी और अन्य विभागों के वरिष्ठ चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

### रियलमी ने केवल 8,999 रु. के शुरूआती मूल्य में अपना सबसे स्लिम स्मार्टफोन रियलमी नार्जो N53 लॉन्च किया

**शिमला**: भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपना नवीनतम स्मार्टफोन रियलमी नाजी N53 पेश किया, जिसमें अगली पीढ़ी के उपयोगकर्ताओं के लिए स्लिम फॉर्म फैक्टर और अत्याधुनिक विशेषताएं हैं। यह स्मार्टफोन रियलमी द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है और इसमें 33 वॉट फास्ट चार्जिंग टेक्नॉलॉजी के साथ उद्योग में अग्रणी 50MP अककैमरा है। लंबे समय तक चलने वाली 5000mAh की बैटरी के साथ रियलमी नाजी N53 में मिनी कैप्सूल भी है जो यूजर्स को तीन आवश्यक विशेषताएं प्रदान करता है। नाजी सीरीज स्मार्टफोन की एक स्टाइलिश रेंज है जो स्मार्टफोन का एक विस्तृत अनुभव प्रदान करती है।



## नारायणी स्कूल में लाइफ मिशन एनवायरमेंट प्रोग्राम का आयोजन, विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/ग्रोवर**

परवाणू के निकटवर्ती राजकीय उच्च विद्यालय नारायणी मे लाइफ मिशन एनवायरमेंट कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अध्यापिका मोनिका ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा नवम की छात्राओं अंजलि एवं झलक ने कविता के माध्यम से वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रांगण एवं आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए दशम कक्षा की छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में वन विभाग के वन रक्षक विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई व स्वच्छता को अपने चारों तरफ बनाए रखने के लिए संदेश दिया। अंत में विद्यालय की मुख्य अध्यापिका मोनिका ठाकुर ने विद्यार्थियों को लाइफ मिशन के बारे में छोटे-छोटे उदाहरणों द्वारा जानकारी दी। उन्होंने कहा की पर्यावरण संरक्षण से ही विद्यार्थी अपना जीवन व्यवस्थित कर पाएंगे। पर्यावरण संरक्षित ना करने से भविष्य में संसाधनों की भारी कमी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बच्चों से शपथ दिलवाई की सभी विद्यार्थी लाइफमिशन से जुड़ेंगे व पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगे।

# सीटू ने यौन शोषण प्रभावित खिलाड़ियों के समर्थन में दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

शुक्रवार को जिला चंबा में सीटू नौजवान सभा एसएफआई ने दिल्ली में धरने पर बैठी यौन शोषण की पीड़ित महिला खिलाडियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। दिल्ली में जंतर मंतर पर लंबे समय से यौन पीड़ित महिला पहलवान जिनमें एक नाबालिग शमिल है बीजेपी सांसद व कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृज भूषण शरण के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। महिला पहलवानों का आरोप है की बृज भूषण शरण ने अपने पद का इस्तेमाल करते हुए उनके खिलाफ यौन शोषण किया है। बीजेपी की सरकार में जहां ये पहलवान देश दुनिया में नाम कमा रही हैं देश का नाम रोशन कर



रही हैं दूसरी ओर अपने ही देश बीजेपी सरकार में जहां बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा है वहां उसी पार्टी के सांसद यौन शोषण कर रहे हैं। बीजेपी के कई नेता इस तरह के शोषण में पाए जा चुके हैं जिसका हालिया उदाहरण कुलदीप सेंगर है। बीजेपी इस तरह के मामले में उत्पीड? करने वाले लोगों को संरक्षण दे रही है। वह भी देश के प्रधानमंत्री की नाक के नीचे में ये सब कुछ हो रहा है। और वह मौन बैठे हैं। जिसका मतलब है कि वह इस कुकृत्य का समर्थन करते हैं। पहलवान न्याय की मांग कर रहे हैं केंद्र की भाजपा सरकार का रवैया महिलाओं के प्रति नकारात्मक है जो कि हमेशा से ही नकारात्मक रहा है यौन हिंसा का आरोपी बृजभूषण शरण भाजपा का सांसद है और कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष भी रहा है जिसे बीजेपी ने मात्र दिखाने के लिए कुश्ती महासंघ से हटाया और उसे हटाने के लिए भी इतना लंबा समय लिया। सरकार के नकारात्मक रवैया के चलते महिला पहलवानों को आरोपी सांसद के खिलाफ एफआईआर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जाना पड़ा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई मगर सरकार और दिल्ली पुलिस की मिलीभगत के चलते आज ही आरोपी भूषण शरण को गिरफ्तार नहीं किया गया है और ना ही कोई कार्यवाही उसके खिलाफ की गई है आज चंबा में ज्ञापन प्रेषित करते हुए जन संगठनों ने सरकार से मांग की है कि आरोपी बृजभूषण शरण को तुरंत गिरफ्तार करके उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

# मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी शहर के थनेहड़ा वार्ड में वीरवार शाम को आगजनी की घटना सामने आई है। आगजनी की इस घटना में लाखों का नुकसान हो गया है। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड की टीम समय रहते हैं मौके पर पहुंच गई नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर में आग लगने से यह घटना पेश आई है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मंडी नगर निगम के थनेहड़ा वार्ड के टारना मोहल्ला में वीरवार शाम करीब 7 बजे पदम देव ठाकुर के चार



मंजिला मकान में बने दो कमरों में आग लग गई। इस चार मंजिला मकान में 14 कमरे थे और लगभग सभी कमरों में किराएदार रहते हैं। जिन दो कमरों में आग लगी थी उनमें भी किराएदार ही रहते हैं। साथ के कमरों में रह रहे लोगों को जैसे ही घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड की टीम को फोन कर किया और स्वयं ही आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही कुछ ही मिनटों में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम के सदस्यों एलएफएम हंस राज शर्मा, एफएम जयपाल, जीएफएम विजय कुमार, डीवीआर मनोज कुमार ने स्थानीय निवासियों की सहायता से जल्द ही आग पर काबू पा लिया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि जिन कमरों में आग लगी थी वहां पर दो गैस सिलेंडर भी रखे गए थे, जिनमें से एक सिलेंडर ने आग पकड़ ली थी जिसे फायर ब्रिगेड की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सुरक्षित बाहर निकाला।

## बौल में स्कूटी व बाइक में टक्कर, दंपति जख्मी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना बंगाणा के तहत बौल में स्कूटी व बाइक के बीच टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपति जख्मी हुए हैं। जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने भी स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक प्रीतम चंद निवासी छपरोह अपनी पत्नी के साथ वीरवार शाम को बाइक पर सवार होकर खुरवाई से अपने घर जा रहा था। बौल पहुंचने पर एक स्कूटी तेज रफ्तारी से आई और बाइक को टक्कर मार दी।

## सामाजिक अनुभूति के माध्यम से समाज को जानने का किया जा रहा प्रयास

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी अपना बहुमूल्य योगदान देता है स अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समय-समय पर समाज हित के लिए भी कोई न कोई गतिविधि करता रहता है स इसी कड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला हमीरपुर गांव-गांव सामाजिक अनुभूति कर रही है स सामाजिक अनुभूति से तात्पर्य हम दूसरों के बारे में सोचने और समझने के तरीके से है स इस अर्थ में यह सामाजिक संबंधों को समझने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण होगा सामाजिक अनुभूति के माध्यम से हम दूसरों की भावनाओं विचारों इरादों और सामाजिक व्यवहार को समझते हैं, उनकी स्थितियों परिस्थितियों व जीवन यापन को जानने का अवसर मिल रहा है स विद्यार्थी परिषद केवल मात्र एक ऐसा संगठन है जो समस्या के साथ समाधान भी करती है सामाजिक अनुभूति से जो विषय समाज से निकल कर आते हैं उन्हें विद्यार्थी परिषद उन मुद्दों को प्रशासन के समक्ष उठाने का काम करती है स हमीरपुर के आस-पास के गांव में पानी की समस्या काफी वक्त से चली आ रही है उनको मौसमी बारिश पर निर्भर रहना पड़ रहा है बारिश भी समय पर नहीं आती है जिस कारण फसल की उपज सही ढंग से हो पा रही है और फसल उगाने में कई तरह की समस्याएं आ रही हैं स गांव में नशे का प्रभाव बढ़ रहा है। हालांकि शिक्षा परिवहन व स्वास्थ्य सुविधा बेहतर स्थिति में है अखिलेश ने बताया कि यह अभियान 20 मई तक चलेगा।इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों को नजदीक से देखने और जानने का मौका मिल रहा है।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला चंबा द्वारा शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के सभागार में डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर एचबी टेस्ट किट के बारे में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें जिला चंबा की हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में कार्यरत लगभग 65 स्वास्थ्य कार्यकताओं एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण रिंग नैनो सिस्टम प्राइवेट



लिमिटेड के सेल ट्रेनर सिद्धार्थ उपाध्याय द्वारा दिया गया। जिन के द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकताओं एवम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर के द्वारा एच बी टेस्ट कैसे करना है के बारे में विस्तार से जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में इन डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एच बी टेस्ट करने में आसानी होगी एवं समय की भी बचत भी होगी।

# कामगारों के हुनर को संवारने उद्योग विभाग देगा प्रशिक्षण :ज्ञान सिंह चौहान

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

हिमाचल प्रदेश सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित ग्रामीण इंजीनियरिंग आधारित प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत उद्योग विभाग द्वारा सिरमौर जिला के अनुसूचित जाति, सामान्य वर्ग एंव अन्य पिछड़ा वर्ग, एंव पिछड़े क्षेत्र के गरीब युवकों को विभिन्न ग्रामीण इंजीनियरिंग आधारित उद्योगों में 4 सप्ताह से लेकर 12 महीने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 25 मई 2023 तक उद्योग विभाग में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत प्रशिक्षण हेतु चयन के लिए साक्षात्कार 27 मई को जिला उद्योग केन्द्र में लिए जायेंगे। संयुक्त निदेशक जिला उद्योग केन्द, सिरमौर, ज्ञान



सिंह चौहान ने यह जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उद्योग विभाग द्वारा अप्रशिक्षित कामगारों के हुनर को संवारने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षिणों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थियों को जैसे फर्नीचर मेकिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयर, वेल्डिंग स्टील फेब्रिकेशन, कृषि यन्त्र बनाने, ब्लैकस्मिथी, मशीन एंव लेथ वर्क, बांस तथा केन के उत्पाद, कारपेंट्री, इलेक्ट्रीशियन एंड प्लम्बिंग वर्क, मिस्त्री, इलेक्ट्रोनिक्स गुड्स रिपेयर, एंव मोटर वाइंडिंग, कंप्यूटर एडिड डिजाईन सीएडी बेकरी प्रोडक्ट्स, ऑटो रिपेयर, टायर पंक्चर, डेंटिंग-पेंटिंग, होजरी, ब्यूटी पार्लर, खाद्य प्रंसस्करण में प्रशिक्षण प्रदान किया जागा। इसके अलावा दुग्ध प्रसंस्करण, धातु कला, एल्युमीनियम फेब्रिकेशन, रेफ्रीजरेशन, फ्लेक्स प्रिंटिंग, इको फ्रेंडली बैग मेकिंग, खिलौने बनाने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग, हैंडलूम, एंव कैटरिंग एंड सर्विसिंग वर्क, आदि ट्रेड्स में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन कोर्सो की अवधि 4 सप्ताह से लेकर 12 महीने तक है तथा 16 वर्ष से 40 वर्ष तक का कोई भी व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर सकता है। इस प्रशिक्षण के लिए कोई भी शैक्षिक योग्यता निर्धारित नहीं की गई है यानि कोई भी शिक्षित या अशिक्षित व्यक्ति यह प्रशिक्षण ले सकता है। योजना के अन्तर्गत साामन्य, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिमास 1500 रुपये की दर से वजीफ ा दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण उपरांत सात हजार रुपये प्रति प्रशिक्षणार्थी की दर से टूल किट खरीदने हेतु प्रदान किये जाएगें। जबकि अनुसूचित जाति के प्रशिक्षु को प्रतिमास 2400 रुपये की दर से वजीफा दिया जाएगा तथा प्रशिक्षण उपरांत सात हजार रुपये टूल किट खरीदने के लिए दिए जाएगें। ज्ञान सिंह चौहान ने कहा कि जिन अभियार्थियो ने हिमाचल कौशल विकास भत्ता योजना के तहत बेरोजगार भत्ता प्राप्त किया है या कर रहे हैं वे इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएँगे। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपने आवेदन, आयु प्रमाण पत्र, हिमाचली एंव जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र यदि शिक्षित है तो आधार कार्ड, बीपीएल प्रमाण पत्र यदि है तो सहित जिला उद्योग केंद्र में या अपने विकास खंड से सम्बंधित खंड विकास कार्यालय में प्रसार अधिकारी उद्योग के पास दिनांक 25 मई 2023 तक प्रस्तुत कर सकता है। इस योजना के साक्षात्कार 27 मई 2023 को जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय नाहन के कार्यालय में होगा।


HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer Division HPPWD Tanda at Nagrota Bagwan Distt Kangra H.P on behalf of Governor of H.P invites the Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HP PWD for the works as detailed in the table. The cost of tender & earnest money will be excepted only online mode.

| Sr. No | Name of Work | Estimated Cost (RS) | Starting date for downloading Bid | Earnest Money | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of School of Architecture Building in Rajiv Gandhi Govt. Engineering College at Nagrota Bagwan in Distt Kangra (HP) (SH:-Balance work of retaining wall along with Nullah at RD 0/000 to 0/098 and right side at RD 0/098 to 0/136). | 6296314/- | 19.05.2023 | 125930/- | 29.05.2023 |
| 2. | Construction of Rajeev Gandhi Govt. Engineering College at Nagrota Bagwan in District Kangra (HP)(SH:- Balance work of Boundary wall along Mechanical Engineering Block, workshop Block, Library Cum Computer centre & mains hostel Block) | 3517620/- | 19.05.2023 | 70400/- | 29.05.2023 |
| 3. | Construction of Rajiv Gandhi Govt. Engineering College Kangra at Nagrota Bagwan in District Kangra (HP) Deposit work (SH:-Providing and laying interlocking paver block in parking area and road in staff only. | 6490108/- | 19.05.2023 | 129850/- | 29.05.2023 |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer,
H.P.P.W.D. Division,
Tanda at Nagrota Bagwan
(On behalf of Governor of Himachal Pradesh)

RO No. 0728/2023-2024



SHORT NOTICE INVITING TENDERS

Sealed tenders are invited by the Director of Agriculture, H.P. Shimla-5 for running the canteen in Directorate of Agriculture, Complex Shimla-5 from the interested persons having experience of running canteen preferably in govt. offices, latest by 31st May 2023 at 12.00 A.M. for the period of one year which shall be opened on the same day i.e. 31.5.2023 at 3.00 P.M. in the presence of Tenderers. The tender shall be accompanied with tender fee of Rs. 300/- (in the shape of bank draft) and earnest money security of Rs. 10,000/- only in favour of Director Agriculture Shimla-5 in the shape of FDR (returnable) payable at Shimla branch of any nationalized bank. The tenders received without tender document fee and earnest money will not be accepted. Tender Form, other terms & conditions and list of items to be served in the canteen can be downloaded online from the Departmental website www.hpagriculture.com from 20.05.2023 onwards. Right to reject any or whole of tenders without assigning any reasons is reserved with Director of Agriculture, H.P. Shimla-05.

HIM SUCHNA AVM JAN SAMPARK RO No. 0729/2023-2024

# मलाइका अरोड़ा

## से तलाक के 6 साल बाद ऐसा है अरबाज खान का रिश्ता, एक्टर ने किया था खुलासा



मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) और अरबाज खान (Arbaaz Khan) 18 साल तक साथ एक-दूसरे के साथ रहने के बाद अलग हो चुके हैं. दोनों ने आपसी सहमति से एक-दूसरे से तलाक लिया था. हालांकि, अलग होने के बाद भी मलाइका और अरबाज के दिल में एक-दूसरे को लेकर कोई मनमुटाव नहीं है. कुछ समय पहले एक इंटरव्यू के दौरान अरबाज खान ने खुद बताया था कि तलाक के बाद एक्स वाइफ मलाइका अरोड़ा के साथ उनका रिश्ता कैसा है.

**तलाक के बाद कैसा है मलाइका संग रिलेशन ?**

सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत के दौरान अरबाज खान से पूछा गया कि मलाइका अरोड़ा के साथ उनका रिलेशन तलाक के बाद कैसा है? इसके जवाब में अरबाज खान ने कहा कि, ॰हमारा एक बेटा है, इसलिए हमारे लिए एक अच्छी मानसिक स्थिति में रहना जरूरी है और हम हमेशा ऐसे ही रहे हैं और हां, पिछले कई सालों में हम दोनों ज्यादा मैच्योर हो गए हैं और एक-दूसरे को ज्यादा समझते हैं. ऐसी बहुत सारी चीजें हैं.



**एक-दूसरे की लाइफ के फैसलों को करते हैं एप्रिशिएट**

इसके अलावा अरबाज खान ने कहा कि जिंदगी में हमें मूव ऑन करना पड़ता है. अरबाज खान ने बताया, मुझे लेकर ऐसी बहुत सी चीजें हैं, जो उन्होंने एक्सेप्ट की होंगी और उनकी बहुत सी बातें मैंने भी स्वीकार की है. अरबाज ने आगे कहा कि मलाइका बहुत सारी चीजों को लेकर हमेशा से मैच्योर रही हैं. सौभाग्य की बात है कि हम दोनों एक एक-दूसरे की पसंद और लाइफ के फैसलों को एप्रिशिएट करते हुए बड़े हुए हैं.

**18 साल तक साथ रहने के बाद लिया तलाक**

गौरतलब है कि अरबाज खान (Arbaaz Khan) ने मलाइका अरोड़ा (Malaika Arora) के साथ साल 1998 में शादी की थी. 18 साल तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने साल 2016 में अपने-अपने रास्ते करने का फैसला किया था और फिर साल 2017 में तलाक ले लिया था. अरबाज और मलाइका के एक बेटे हैं, जिनका नाम अरहान खान है. अरबाज से अलग होने के बाद मलाइका अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरबाज, जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिलेशनशिप में हैं.

## गुस्से से जब भरे बैठे थे अमिताभ बच्चन, 3 शब्द सुन जया बच्चन पर गए थे भड़क, बाद में क्यों हुआ पछतावा?



3 जून साल 1973 को अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan) और जया बच्चन (Jaya Bachchan) ने एक-दूसरे का दामन थाम शादी की. कुछ दिनों के बाद दोनों की शादी को 50 साल पूरे होने जा रहे हैं. जया ने जब बिग बी से शादी की तब वह 25 साल की थीं. दोनों आज बॉलीवुड के आयकॉनिक कपल माना जाता है. कहते हैं रिश्ता कोई भी हो, लेकिन नोक झोक और लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं, क्योंकि कहते हैं ये प्यार को और बढ़ता है. लोग ये अच्छे से जानते हैं कि जया कितनी तुनक मिजाजी हैं और इसके उलट अमिताभ उतने ही शांत और मजाकिया. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सदी के महानायक अमिताभ एक बार सरेआम जया पर भड़क बैठे थे.

अमिताभ बच्चन (Amitabh Bachchan) और जया बच्चन (Jaya Bachchan) के प्यार के किस्से और शादी के बारे में लोग जानते हैं, लेकिन दोनों के आपसी मनमुटाव की खबरें कभी घर से बाहर नहीं आई, लेकिन दोनों की लड़ाई जब सुर्खियों में छा गई जब बिग बी ने मीडिया के सामने जया पर नाराजगी जाहिर कर डाली और इसका कारण फिर रेखा ही थीं. माजरा क्या था आपको खुलकर बताते हैं.

**अमिताभ का 50वां जन्मदिन और जया पर गुस्सा**

अमिताभ और रेखा के बीच के क्या रिश्ता रहा. इस मामले पर कभी बिग बी ने बात नहीं की, लेकिन रेखा ने हमेशा से अपने रिश्ते को कबूल किया. शादी से पहले उन्होंने रेखा के साथ अपने चैप्टर को बंद कर दिया, लेकिन उस रिश्ते पर सवाल कभी बंद नहीं हुए. मामला अमिताभ के 50वें जन्मदिन का है. अमिताभ ने जया के साथ कई मीडिया चैनलों के पत्रकारों को इंटरव्यू दिया था.

**रेखा से जुड़े सवालों को सुन आगबबूला हुए अमिताभ!**

पत्रकार करण थापर ने अपनी किताब 'डेविल्स एडवोकेट: द अनटोल्ड स्टोरी' में इस किस्से को जिक्र किया है. उन्होंने बताया कि मीडिया से बात करते हुए उन्होंने रेखा और अन्य सभी तीखे सवालों का बेहद सादगी से जवाब दिया. लेकिन गुस्सा अंदर ही अंदर भरा बैठा था. इंटरव्यू खत्म को जाने के बाद पत्रकारों को उन्होंने लंच भी कराया.

## इधर परिणीति-राघव की हो रही थी सगाई, उधर बन्नी के बाबुल के छलके आंसू, उमड़ पड़ा था पापा का प्यार



बेटी और बाबुल का रिश्ता क्यों खास होता है॰ ये शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है. हर पिता के लिए बेटी की शादी वो सपना होता है, जिसको वो उसके पैदा होने के बाद से लगातार देखता है. बॉलीवुड फिल्मों में शादी को त्योहार की तरह दिखाया जाता है. वैसे ही बॉलीवुड कलाकारों की शादियां उनके लाखों-करोड़ों फैंस के लिए किसी खास अवसर से कम नहीं होती. इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा की सगाई सुर्खियों में हैं. सगाई की कुछ खास तस्वीरों को एक्ट्रेस ने खुद शेयर की थीं. अब उन्होंने सगाई की दौरान गुरुद्वारे की रस्मों की कुछ तस्वीरों को शेयर किया है. ये तस्वीरें हालांकि सुर्खियों में हैं, लेकिन इन तस्वीरों को साथ बबुल की नम आंखे भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं.

अनुष्का-विराट की शादी हो या ऐश्वर्या-अभिषेक की, इंटरनेट, मीडिया से लेकर दर्शकों के बीच इसकी खूब बातें होती हैं. पिछले दिनों दिल्ली में प्रियंका चोपड़ा की बहन परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की सगाई हुई. उनकी सगाई में कुछ खास मेहमान पहुंचे थे. गुरुद्वारे में सगाई की रस्मों की शुरुआत हुई और समारोह की चकाचौंध के बीच परिणीति के पापा के आंखे भर आई, एक्ट्रेस के पापा की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.

**तीसरी तस्वीर पर अटकी लोगों की निगाहें**

परिणीति और राघव चड्ढा के अफेयर की खबरें लंबे समय से सोशल मीडिया पर आ रही थीं. हालांकि, कभी इन दोनों ने अपने अफेयर की बात को स्वीकार नहीं किया. इस बीच पिछले दिनों राघव और परिणीति ने अपनी सगाई की घोषणा कर फैंस को हैरान कर दिया. एक्ट्रेस ने सगाई की कुछ नई और खास तस्वीरों को आज शेयर किया. 8 तस्वीरों में तीसरी तस्वीर ऐसी है, जिसमें बेटी और पिता के खास रिश्ते की बात फिर से लोग कर रहे हैं.

**रुमाल से पोंछे आंसू**

पहली तस्वीर में परिणीति और राघव को हाथ जोड़कर दिखाया गया है, जबकि अगली तस्वीर में उन्हें एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए दिखाया गया है, उनके परिवार उनके पीछे बैठे हैं. तीसरी तस्वीर में परिणीति के पिता पवन चोपड़ा आंसू पोंछते दिख रहे हैं, जबकि बाकी तस्वीरों में परिणीति और राघव अपनी सगाई में खुश दिख रहे हैं.

**परिणीति चोपड़ा के भाई शिवांग ने किया पापा को नोटिस**

परिणीति चोपड़ा के भाई शिवांग चोपड़ा ने पोस्ट पर कमेंट किया और लिखा, 'बैकग्राउंड में पापा का आंसू आना हाइलाइट है.'

# श्वेता तिवारी

## ने हद से ज्यादा छोटी ड्रेस पहनकर पर्दे के पीछे छिपकर दिए ऐसे पोज, फैंस ने थाम लिया दिल

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। कसौटी जिंदगी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली श्वेता को इस शो ने दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई है।



एक्ट्रेस ने छोटे पर्दे से लेकर बॉलीवुड और भोजपुरी सिनेमा तक की फिल्मों में काम किया है। एक्टिंग के साथ श्वेता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरों से बवाल मचाती हैं। इसी बीच 42 साल की श्वेता का लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट पर बवाल मचा रहा है।42 साल की श्वेता तिवारी उम्र बढ़ने के साथ और भी हसीन और बोल्ड होती जा रही हैं। श्वेता ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में श्वेता ने येलो कलर की प्रिंटेड शॉर्ट वनपीस ड्रेस पहनी है। श्वेता की ये ड्रेस ऑफ शोल्डर होने के साथ ही हद से ज्यादा छोटी है। इस ड्रेस के साथ उन्होंने कानों में बेहद खूबसूरत ईयररिंग कैरी किए हैं। वहीं, श्वेता ने अपने बालों को ओपन कर स्टाइल दिया है।श्वेता तिवारी इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। इस पर कमेंट कर न सिर्फ फैंस बल्कि स्टार्स भी कमेंट कर उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। इस पर कमेंट कर श्वेता की बेटी पलक तिवारी ने भी मां की तारीफ की है। पलक ने कमेंट कर लिखा, 'सबसे सुंदर मम्मा। वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'बेटी से ज्यादा मां हॉट है। एक ने लिखा, 'आप कॉलेज गर्ल दिखती हैं। एक दूसरा यूजर लिखता है, 'पहले ही इतनी गर्मी हो बहार आप रोज और तापमान बढ़ा रही हो। ऐसे कई और कमेंट श्वेता की इन फोटोज पर आ रहे हैं।



## पेटीएम ने रूपे क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया, एनपीसीआई और एसबीआई कार्ड से करार

**नई दिल्ली।** फिनटेक दिग्गज पेटीएम ने एसबीआई कार्ड के सहयोग से अपना दूसरा क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है। यह पहली बार है जब कंपनी ने नेशनल पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के रूपे के साथ साझेदारी की है। पेटीएम के मुख्य




कार्यकारी और संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने इस साझेदारी को 'किलर कॉम्बो' करार दिया है। पेटीएम रूपे क्रेडिट कार्ड की लॉन्चिंग के दौरान मौजूद लोग। कंपनी ने कहा कि वह पेटीएम रूपे क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों को 75,000 रुपये तक के एक्सक्लूसिव प्रिविलेज प्रदान करेगी। इसके साथ कॉम्प्लिमेंटरी पेटीएम फर्स्ट मेंबरशिप भी शामिल होगी। इसके तहत उपभोक्ताओं को ओटीटी प्लेटफॉर्म की सदस्यता और पेटीएम ऐप के माध्यम से उड़ान पर छूट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। मुंबई में लॉन्च इवेंट में बोलते हुए एनपीसीआई की सीओओ प्रवीणा राय ने कहा, 'हम पेटीएम के साथ साझेदारी करके खुश हैं।'

## फेसबुक, गूगल और अमेजन के बाद अब इस कंपनी ने तीन हजार लोगों को निकाला

**नई दिल्ली।** फेसबुक, गूगल, अमेजन और अन्य टेक कंपनियों ने पिछले कुछ महीनों में हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। वोडाफोन और ट्विटर जैसी कंपनियों ने भी बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती की है। लेकिन, छंटनी का दौर अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि हर हफ्ते किसी ना किसी कंपनी से छंटनी की खबर आती रहती है। बिजनेस इनसाइडर की ओर से साझा किए गए विवरण के अनुसार, ओरेकल ने भी 3,000 से अधिक कर्मचारियों को निकाल दिया है।

**वेतन वृद्धि और पदोन्नति पर भी रोक**

सूत्र ने यह भी बताया कि ओरेकल ने जारी वेतन वृद्धि या पदोन्नति पर भी रोक लगा दी है। इसके अलावा, कंपनी ने अपने कर्मचारियों को यह भी सूचित किया है कि उन्हें पूरे साल समान शर्तों में कुछ भी उम्मीद नहीं करनी चाहिए। फर्म ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह कठिन समय से गुजर रही है इसलिए लागत में कटौती के कई उपाय कर रही है। कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार सूत्रों ने दावा किया है कि विपणन, इंजीनियरिंग, लेखा, कानूनी और उत्पाद सहित कई टीमों में छंटनी की गई है। अब तक, ओरेकल ने अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है कि उसने छंटनी की है या नहीं, लेकिन सूत्रों का दावा है कि इस मामले से अवगत कर्मचारियों ने छंटनी की बात स्वीकारी है। फिलहाल, इस बात की जानकारी नहीं है कि नौकरी के नुकसान की भरपाई के लिए प्रभावित कर्मचारियों को कितना भुगतान किया जा रहा है।

## अपने ही जाल में फंसा यूरोपीय संघ, भारत से खरीदना पड़ रहा महंगा तेल तो तिलमिलाया

**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले के जाल में अब यूरोपीय संघ (ईयू) खुद ही फंस गया है। वजह है...कच्चा तेल। यह वही कच्चा तेल है, जिसे भारत रूस से सस्ती कीमत पर खरीदता है और रिफाइन कर यूरोपीय देशों को अधिक दाम पर बेचता है। इससे यूरोपीय संघ को भारी नुकसान हो रहा है, जिससे वह तिलमिला उठा है। यह तिलमिलाहट यूरोपीय संघ के विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल के उस बयान से स्पष्ट झलकती है, जिसमें उन्होंने कहा...ईयू को मालूम है कि भारतीय रिफाइनरी कंपनियां भारी मात्रा में रूस से कच्चा तेल खरीद रही हैं। फिर इसे प्रोसेस कर यूरोप को बेच रही हैं। इस पर ईयू को कड़ा कदम उठाने की जरूरत है।इसके बाद भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बोरेल को आइना दिखाते हुए ईयू परिषद के नियम 833/2014 की याद दिलाई। इसमें स्पष्ट है कि रूस से आने वाला कच्चा तेल अगर किसी तीसरे देश में प्रोसेस होकर गुजरता है तो फिर उसे रूसी तेल नहीं समझा जाएगा। ईयू ने 5 फरवरी, 2023 को रूसी तेल पर रोक के साथ प्राइस कैप भी लगा दिया। कहा, कोई भी देश 60 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा कीमत पर रूस से तेल खरीदता है, तो वह जी-7 के प्राइस कैप का उल्लंघन होगा।

# रियल एस्टेट में रौनक लौटने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमण काल के पहले से ही मंदी की मार झेल रहे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए साल 2023 उत्साह बढ़ाने वाला साल बनता नजर आ रहा है। रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े कारोबारियों का कहना है की पिछले करीब तीन साल से मार्केट में खरीदारों का अकाल पड़ा हुआ था। खासकर कोरोना संक्रमण काल के दौरान खरीदार पूरी तरह से मार्केट से आउट हो गए थे, लेकिन अब एक बार फिर खरीदार रियल एस्टेट मार्केट में लौटने लगे हैं, जिससे इस सेक्टर की रौनक वापस लौटने की उम्मीद बन गई है। जानकारों का कहना है कि साल 2023 में अभी तक नई बुकिंग के मामले में काफी सकारात्मक रुख नजर आ रहा है। नई बुकिंग की मासिक वृद्धि दर अप्रैल के अंत तक 11 प्रतिशत तक पहुंच गई है। खासकर मार्च के दूसरे पखवाड़े के दौरान घरों की नई बुकिंग में जोरदार तेजी दर्ज की गई। माना जा रहा है कि अगर हालात में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, तो इस साल दिवाली तक या अधिकतम इस साल के अंत तक रियल एस्टेट मार्केट में एक बार फिर 3 साल पहले जैसी तेजी का रुख लौट सकता है।

ग्लोबल सिगनेचर ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल के मुताबिक रियल एस्टेट मार्केट में खरीदारों ने लौटना जरूर शुरू किया है, लेकिन हाउसिंग लोन की ऊंची दरों की वजह से अभी भी



बाजार में अपेक्षित तेजी नहीं आ सकी है। हालांकि विशेषज्ञों ने कुछ दिन पहले ही इस बात के संकेत दिए थे कि जिस तरह से महंगाई पर काबू पाने में सफलता मिली है, उसको देखते हुए ब्याज दरों में कटौती का दौर एक बार फिर शुरू किया जा सकता है। प्रदीप अग्रवाल के मुताबिक इन अनुमानों के हिसाब से अगर ब्याज दरों में कटौती होगी तो इससे हाउसिंग लोन भी सस्ता होगा, जिससे खरीदार रियल एस्टेट सेक्टर में नए निवेश के लिए ज्यादा उत्साहित होंगे। एमआरजी वर्ल्ड के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रजत गोयल का कहना है कि कोरोना संक्रमण के कारण रियल एस्टेट सेक्टर के कारोबारियों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा था। कोरोना संक्रमण के पहले कारोबारियों ने अपने हाथ में मौजूद वर्किंग कैपिटल को पूरी तरह से अपनी अलग-अलग परियोजनाओं में लगा दिया था, लेकिन कोरोना शुरू होते ही खरीदारों के पीछे हट जाने की वजह से उनकी पूंजी अधबनी परियोजनाओं में फंस गई थी। लेकिन अब जिस तरह से खरीदार रियल एस्टेट सेक्टर में प्रॉपर्टी की तलाश कर रहे हैं और नई बुकिंग कर रहे हैं, उससे इस बात की उम्मीद बनने लगी है कि इस सेक्टर के दिन वापस ठीक होने लगे हैं। जानकारों का कहना है कि ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की वजह से रियल एस्टेट सेक्टर के कारोबारियों का उत्साह भी बढ़ा है, जिससे आने वाले दिनों में कई नई परियोजनाओं के शुरू होने की भी उम्मीद बन गई है।

## एसएंडपी ने भारत की सोवरेन रेटिंग को 'बीबीबी' पर रखा बरकरार

**नई दिल्ली।** साख निर्धारण करने वाली ग्लोबल रेटिंग्स एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स (एसएंडपी) ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है। एजेंसी ने यह भी कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियाद से अगले दो-तीन साल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जारी एक बयान में भारत के लिए 'बीबीबी-' दीर्घकालीन रेटिंग की पुष्टि की है। इसके साथ अल्पकालिक विदेशी और स्थानीय मुद्रा को लेकर 'ए-3' रेटिंग की पुष्टि की है। एजेंसी ने दीर्घकालीन साख को लेकर परिदृश्य स्थिर रखा है।एजेंसी का दीर्घकालीन रेटिंग के साथ स्थिर परिदृश्य यह बताता है कि देश की मजबूत अर्थव्यवस्था और राजस्व में अच्छी वृद्धि राजकोष को मजबूती प्रदान करेगा। एसएंडपी ने




कहा है कि सरकार राजकोष के स्तर पर चीजों को दुरुस्त करने के प्रयासों के बावजूद राजकोषीय घाटा ऊंचा और कर्ज अधिक बनाए रख सकती है।

उल्लेखनीय है कि 'बीबीबी-' निम्न निवेश स्तर की रेटिंग है। वहीं, एक अन्य रेटिंग एजेंसी फिच ने भी हाल ही में मजबूत आर्थिक वृद्धि तथा बाह्य स्तर पर वित्त के मामले में अच्छी स्थिति का हवाला देते हुए भारत के लिए स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी-' रेटिंग की पुष्टि की है।

## एसबीआई को चौथी तिमाही में 16,694 करोड़ रुपये का मुनाफा

**नई दिल्ली।** देश और सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान किया है। बैंक का मुनाफा (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में 83 फीसदी उछलकर 16,694.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में एसबीआई को 9,113.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एसबीआई ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 83 फीसदी बढ़कर 16,694.51 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ एकल आधार पर 9,113.53 करोड़ रुपये रहा था। बैंक के मुताबिक मुख्य रूप से ब्याज आय बढ़ने तथा फंसे कर्ज के एवज में कम प्रावधान से उसका मुनाफा बढ़ा है।

बैंक के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में ब्याज आय 31 फीसदी बढ़कर 92,951 करोड़ रुपये रही है। जबकि फंसे कर्ज (एनपीए) के एवज में प्रावधान जनवरी-मार्च तिमाही में कम होकर 3,315.71 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में 7,237.45 करोड़ रुपये था। इसके अलावा पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक का शुद्ध लाभ 59 फीसदी बढ़कर 50,232.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह




31,675.98 करोड़ रुपये था। एसबीआई ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 11.30 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। इसकी भुगतान की तिथि 14 जून तय की गई है।

## बायजू पर अब अमेरिका में मुकदमा, 1.2 अरब डॉलर की वसूली के लिए डेलावेयर कोर्ट में शिकायत

**नई दिल्ली।** भारतीय एडटेक दिग्गज बायजू अब अमेरिका में कानूनी लड़ाई में उलझ गया है। इसकी एक कंपनी अल्फा पर 1.2 बिलियन डॉलर की वसूली के लिए डेलावेयर की अदालत में मुकदमा दायर किया है। ग्लास ट्रस्ट कंपनी और निवेशक टिमोथी आर. पोल ने बायजू के अल्फा, टेंजिबल प्ले और अल्फा के निदेशक रिजू रवींद्रन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मुकदमे के कारणों, ग्लास ट्रस्ट और पोल से जुड़े विवरण अदालत के दस्तावेजों से हटा दिए गए हैं, इससे विवाद के कारण का पता नहीं चला है। डेलावेयर चांसरी कोर्ट में एक टेलीफोनिक सुनवाई निर्धारित की गई थी ताकि यह तय किया जा सके कि मुकदमे की कार्यवाही में तेजी लाने की आवश्यकता है या नहीं। न्यायाधीश मॉर्गन जुर्न ने अदालत की पारदर्शिता के महत्व पर जोर देते हुए बायजू और रवींद्रन के सुनवाई की सामग्री को गोपनीय रखने के अनुरोध को खारिज




कर दिया।

**सूत्रों का दावा- ऋणों को चुकाने में विफलता के कारण आई मुकदमे की नौबत**

बायजू के सामने यह संकट ऋणों को चुकाने में विफलता के कारण आई है। अमेरिकी मुकदमे के अलावा बायजू को भारत में भी नियामकीय जांच का सामना करना पड़ा है। भारतीय अधिकारियों ने हाल ही में बायजू के कार्यालयों पर छापेमारी कर दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए थे। कर्मचारियों को लिखे पत्र में बायजू के संस्थापक रवींद्रन ने कंपनी का बचाव करते हुए कहा था कि सभी विदेशी अधिग्रहण उचित दस्तावेज के साथ नियमित बैंकिंग चैनलों के माध्यम से किए गए हैं। अमेरिका और भारत दोनों में चल रही कानूनी चुनौतियां ने बायजू के लिए एक बाधा की तरह है। हालिया घटनाक्रमों के बाद इसके वित्तीय प्रबंधन और नियामक दिशानिर्देशों के पालन पर सवाल उठने लगे हैं। जैसे-जैसे मुकदमे बढ़ रहे हैं बायजू और उसके अंतरराष्ट्रीय संचालन के भविष्य पर अनिश्चितता बढ़ रही है।

## सूचीबद्ध कंपनियों को 24 घंटे में देनी होगी सभी घटनाओं की जानकारी, बदलेगा वर्तमान नियम

**नई दिल्ली।** शेयरों के मूल्यों से संबंधित गैर-प्रकाशित संवेदनशील सूचनाओं (यूपीएसआई) के नियमों में सेबी बदलाव करेगा। इसके लिए इसने प्रस्ताव जारी कर सलाह मांगी है। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों को अब घटनाओं व कार्यक्रमों सहित अन्य सूचनाओं की जानकारी 24 घंटे में देनी होगी। इस पर जनता से 2 जून तक राय मांगी गई है। सेबी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अभी यूपीएसआई के तहत सूचीबद्ध कंपनियां नियमों के मुताबिक पर्याप्त अनुपालन नहीं कर रही हैं। ऐसे में बदलाव की जरूरत है। प्रस्ताव के मुताबिक, अधिग्रहण, एग्रीमेंट, धोखाधड़ी या प्रवर्तक के डिफॉल्ट होने जैसी सभी सूचनाएं जिनका कंपनी के शेयर पर सीधे प्रभाव पड़ेगा, उसकी 24 घंटे में जानकारी देनी होगी।

**इन मामलों में 30 मिनट में ही देनी होगी सूचना**

प्रतिभूतियों में छेड़छाड़, रेटिंग में बदलाव, फोरेंसिक ऑडिट, निदेशकों व कंपनी के प्रमुख अधिकारियों में बदलाव की जानकारी इस नियम के तहत आएगी। बोर्ड मीटिंग, लाभांश, वित्तीय परिणाम जैसी सूचनाएं 30 मिनट में एक्सचेंज को देनी होगी। सेबी की निगरानी प्रणाली ने संदिग्ध इनसाइडर ट्रेडिंग मामलों पर महत्वपूर्ण संख्या में अलर्ट भी उत्पन्न किए। देखा गया कि पर्याप्त संख्या में कंपनियों ने 25 करोड़ रुपये तक काल्पनिक लाभ कमाया।

# विदेश में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल होगा महंगा, एक जुलाई से 20 फीसदी लगेगा टैक्स

**नई दिल्ली।** विदेश में क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना आपकी जेब पर भारी पड़ने वाला है। इससे जुड़े नियम में बदलाव किया गया है। इस बदलाव के बाद अब आप दूसरे देशों में क्रेडिट कार्ड से जो खर्च करेंगे, उस पर 20 फीसदी टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) देना होगा। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सलाह के बाद सरकार ने इन बदलावों को हरी झंडी दे दी है। नये नियम एक जुलाई से लागू होगा। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन (फेमा) संशोधन नियम, 2023 के माध्यम से क्रेडिट कार्ड के जरिए विदेश में होने वाला खर्च भी आरबीआई की एलआरएस योजना में शामिल कर लिया गया है। इससे विदेश में खर्च की गई राशि पर लागू दरों पर 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) किया जा सकेगा। मंत्रालय के मुताबिक अगर टीसीएस देने वाला व्यक्ति करदाता है, तो वह अपने आयकर या अग्रिम कर देनदारियों के एवज में क्रेडिट या समायोजन का दावा कर सकता है। मंत्रालय ने इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी कर फेमा कानून में संशोधन किए जाने की जानकारी दी थी। इस अधिसूचना में एलआरएस को शामिल करने के बाद 2.5 लाख रुपये से




अधिक मूल्य की विदेशी मुद्रा के किसी भी धन-प्रेषण के लिए आरबीआई की मंजूरी लेनी जरूरी होगी। इस अधिसूचना के पहले तक विदेश यात्रा के दौरान खर्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किए गए भुगतान एलआरएस के दायरे में नहीं आते थे। वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के साथ परामर्श के बाद जारी अधिसूचना में फेमा अधिनियम, 2000 की धारा सात को हटा दिया है। इससे विदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किया गया भुगतान भी एलआरएस के दायरे में आ गया है। उल्लेखनीय है कि इस साल केंद्रीय बजट 2023-24 में विदेशी टूर पैकेज एवं एलआरएस के तहत विदेश भेजे गए पैसे पर टीसीएस को पांच फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का प्रस्ताव रखा गया था। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से विदेश में होने वाला खर्च एलआरएस के दायरे में लाने के लिए फेमा कानून में बदलाव करने का मकसद डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड से भेजी गई राशि के कर संबंधी पहलुओं में समानता लाना है।

# सर्राफा बाजार: सोना-चांदी में फिसलन जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातु फिसलती नजर आई। आज के कारोबार में सोना में प्रति 10 ग्राम 134 रुपये की नरमी दिखाई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम 63 रुपये से की कमजोरी दर्ज की गई। बाजार में आई सुस्ती के कारण सोना आज के कारोबार में 60,512 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक गिर कर कारोबार करने लगा। इसी तरह चांदी भी आज गिर कर 71,745 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर पर आ गया।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी सोना का अंतिम बंद भाव 60,646 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में प्रति 10 ग्राम 134 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जिससे सोना फिसल कर



60,512 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर तक पहुंच गया। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 134 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 78 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की नरमी दिखाई।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 134 रुपये की नरमी के साथ गिर कर 60,512 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 133 रुपये की कमजोरी के साथ 60,270 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 123 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 55,429 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 101 रुपये टूट कर 45,384 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई। जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 78 रुपये सस्ता होकर 35,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह चांदी की कीमत में भी आज गिरावट का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 63 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली कमजोरी दर्ज की गई। आज की गिरावट के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार के आखिरी बंद भाव 71,808 रुपये प्रति किलोग्राम से फिसल कर 71,745 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।

जानकारों का मानना है कि अमेरिका समेत वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार जारी उथल-पुथल के कारण वर्ल्ड गोल्ड मार्केट भी दबाव की स्थिति में काम कर रहा है। वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर भारतीय बाजार पर भी स्वाभाविक रूप से पड़ता है। ऐसे में मौजूदा समय में भारतीय बाजार में भी लगातार अस्थिरता बने रहने की संभावना है। इसलिए फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को बाजार में बड़ा निवेश करने की जगह फिलहाल हर बड़ी गिरावट पर छोटे-छोटे निवेश करने की नीति अपनानी चाहिए।

## ओपनएआई में मस्क के निवेश पर अनिश्चितता कायम

**नई दिल्ली।** ओपनएआई के बोर्ड से 2018 में बाहर निकलने के बाद टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क समय-समय पर इसकी आलोचना करते रहे हैं। हाल ही में मस्क ने एक खुले पत्र में अपनी चिंता जाहिर करते हुए ओपन एआई का संचालन करने वाली कंपनी से और अधिक शक्तिशाली एआई सिस्टम पर काम रोकने की मांग की थी। टेस्ला के शेयरधारकों की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मस्क ने ओपनएआई के एक गैर-लाभकारी ओपन सोर्स इकाई से एक लाभकारी, क्लोज्ड-सोर्स संगठन में तब्दील होने की आलोचना की। मस्क ने कहा कि ओपन एआई को लाभकारी संगठन बनाना ऐसा ही है जैसे मान लें कि आपने अमेजन वर्षावन को बचाने के लिए एक संगठन को पैसे दिए और इसके बजाय वह संगठन लकड़ी बेचने वाली कंपनी बन जाए और जंगल को काट कर पैसे के लिए बेचने लगे। हालांकि यहां एक बात गौर करने वाली है कि मस्क ने ओपनएआई में कितना निवेश किया है इस पर अब तक अनिश्चितता बनी हुई है। मस्क ने खुद भी ओपन एआई में अपने निवेश के बारे में कभी कुछ खुलकर नहीं कहा है। मार्च के मध्य में मस्क ने ट्वीट किया, मैं अब भी उलझन में हूं कि एक गैर-लाभकारी संगठन जिसे मैंने 100 मिलियन डॉलर का दान दिया था, लाभ कमाने के लिए 30 बिलियन डॉलर के मार्केट कैप वाली कंपनी बन गई। अगर यह कानूनी है, तो हर कोई ऐसा क्यों नहीं करता? हालांकि, अमेरिकी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने दावे को संशोधित कर दिया। इस बातचीत में उन्होंने कहा कि वे ओपनएआई में अपनी फंडिंग की सटीक राशि के बारे में अनिश्चत हैं लेकिन यह राशि लगभग 50 मिलियन डॉलर की हो सकती है।

## तेलंगाना सरकार ने की मुक्केबाज निकहत जरीन को 2 करोड़ रुपये देने की घोषणा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने शाम विश्व मुक्केबाजी चैम्पियन निकहत जरीन को ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिये प्रशिक्षण, कोचिंग और परिवहन के खर्च को पूरा करने के लिये दो करोड़ रुपये देने की घोषणा की।



निकहत ने यहां सचिवालय में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर केसीआर ने कामना की कि विश्व मुक्केबाजी चैम्पियन आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर तेलंगाना समेत भारत का गौरव एक बार फिर दुनिया में फैलाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के कई मंचों पर पहले ही कई पदक जीत चुकीं निकहत जरीन को आगामी ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए राज्य सरकार पूरा सहयोग देगी। इस अवसर पर राज्य के खेल मंत्री वी. श्रीनिवास गौड़ के साथ मंत्री महमूद अली, प्रशांत रेड्डी, मल्लार रेड्डी, खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष ई अंजनेय गौड़, खेल सचिव संदीप सुल्तानिया और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने तीन राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने तीन राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं को उनके आवास पर प्रशस्ति-पत्र व ट्राफियां प्रदान कीं। भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल (अर्जुन पुरस्कार), हॉकी कोच सर्पाल सिंह (द्रोणाचार्य पुरस्कार) और



दिवंगत टेनिस कोच नरेश कुमार (द्रोणाचार्य पुरस्कार) के परिवार के सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किये। अंजुम ने अपना 2019 अर्जुन पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि हॉकी कोच सर्पाल सिंह ने अपना 2021 द्रोणाचार्य पुरस्कार ग्रहण किया। इस बीच स्वर्गीय नरेश कुमार की ओर से उनकी पोती शिवानी मीरचंदानी ने अनुराग सिंह ठाकुर से अपने दादा का 2020 द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त किया।

## आईपीएल :चोटिल जयदेव उनादकट की जगह युवा सूर्यांश शेडगे लखनऊ सुपर जाइंट्स में शामिल

**नई दिल्ली।** । आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपने चोटिल गेंदबाज जयदेव उनादकट की जगह मुम्बई के युवा खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया है। उनादकट ने आईपीएल से बाहर होने से पहले लखनऊ के लिए तीन मैच खेले थे, जिसमें उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला था। उनादकट को ट्रेनिंग के दौरान कंधे में चोट लग गई थी। आईपीएल की आधिकारिक जानकारी के अनुसार लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने गुरुवार को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के बचे शेष मैचों के लिए चोटिल जयदेव उनादकट की जगह सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल किया।

सूर्यांश 20 लाख रुपये में एलएसजी से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि लखनऊ टीम के कप्तान केएल राहुल भी चोटिल होने से आईपीएल से बाहर हो चुके हैं। उनकी गैर मौजूदगी में कुणाल पांड्या टीम की कमान संभाल रहे हैं। आईपीएल के इस सीजन में लखनऊ की टीम ने अब तक 13 मैच खेले हैं। टीम 7 में जीत, 5 में हार के साथ 15 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है।

# आईपीएलः कोहली ने शतक से जीता बैंगलोर, प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 65वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हरा दिया है। बैंगलोर की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने आईपीएल करियर का छठा शतक जड़ा। इस जीत के साथ ही बैंगलोर ने प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

हैदराबाद की ओर से मिले 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बैंगलोर ने शानदार शुरुआत की। कप्तान फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली ने पहले विकेट के लिए 172 रन की जबरदस्त साझेदारी कर टीम की जीत की बुनियाद रखी। इस दौरान कोहली ने आईपीएल करियर का छठा शतक भी लगाया। कोहली 63 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। जबकि कोहली के जाते ही डुप्लेसिस भी 47 गेंदों में 71 रन पारी खेल पवेलियन लौटे। आखिर



के जरूरी 15 रन को मैक्सवेल और ब्रेसवेल ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर कुमार और टी नटराजन को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पावरप्ले में ही अपने ओपनर्स खो दिए। पारी के पांचवें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक शर्मा (11) को माइकल ब्रेसवेल चलता किया। फिर एक गेंद बाद ब्रेसवेल ने राहुल त्रिपाठी को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद कप्तान एडेन मार्करम और हेनरिक क्लासेन ने 76 रनों की शानदार पार्टनरशिप कर टीम को बेहतर स्कोर की ओर आगे बढ़ाया। हालांकि शाहबाज अहमद ने मार्करम (18 रन) को बोल्ड कर मजबूत होती इस साझेदारी को तोड़ दिया। मार्करम के बाद हैरी ब्रूक ने क्लासेन का अच्छा साथ दिया और दोनों ने मिलकर तेजी से 74 रन जोड़ डाले। इस बीच क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर का पहला शतक लगाया। 51 गेंदों में 104 रन की पारी खेल क्लासेन आउट हुए। वहीं, हैरी ब्रूक 27 रन बनाकर नाबाद रहे। बैंगलोर की तरफ से माइकल ब्रेसवेल ने दो विकेट झटके, जबकि मो. सिराज, हर्षल पटेल और शाहबाज अहमद को एक-एक विकेट मिला।

# दक्षिण अफ्रीका विश्व कप के लिए डु प्लेसिस का चयन नहीं करता है, तो यह एक बड़ी भूल होगी : कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने के लिए फाफ डु प्लेसिस का समर्थन किया है और उनका मानना है कि अगर दक्षिण अफ्रीका इस साल के आईसीसी विश्व कप के लिए उनका चयन नहीं करता है तो वह एक बड़ी भूल होगी।

फाफ डु प्लेसिस इस साल आईपीएल में विराट कोहली के साथ मिलकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को अच्छी शुरुआत दिला रहे हैं। उन्होंने पहले ही अपनी टीम के लिए 600 से अधिक रन बना लिए हैं।

13 मैचों में, डु प्लेसिस ने 58.50 के औसत और 153.94 की स्ट्राइक रेट से 702 रन बनाए हैं, इस दौरान उन्होंने आठ अर्धशतक लगाए हैं। कार्तिक - जो कुछ वर्षों से आरसीबी में डु प्लेसिस के साथी रहे हैं - दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान की निरंतरता से आश्चर्यचकित नहीं हुए हैं और मानते हैं कि 38 वर्षीय के पास अभी भी अंतरराष्ट्रीय



स्तर पर बहुत कुछ है। आईसीसी रिव्यू के लेटेस्ट एडिशन पर बात करते हुए कार्तिक ने कहा, मैं फाफ की फॉर्म से बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं क्योंकि मुझे लगता है कि वह शानदार खिलाड़ी हैं। वह बहुत अच्छे लीडर भी हैं। आईपीएल के पिछले चार, पांच सालों में, वह बहुत सुसंगत रहे हैं और उसके पास अभी एक और वर्ष है जहां वह और भी अधिक सुसंगत, और भी अधिक प्रभावी, और भी अधिक शक्तिशाली रहेंगे। डु प्लेसिस ने 2021 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की और आखिरी बार उसी साल फरवरी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण अफ्रीका के लिए खेले, दाएं हाथ के बल्लेबाज ने संकेत दिया है कि वह व्हाइट-बॉल क्रिकेट में फिर से प्रोटियाज के लिए खेलने के लिए तैयार हैं।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज का भारत में एकदिवसीय मैचों में एक उत्कृष्ट रिकॉर्ड है, उन्होंने 10 मैचों में 65 से अधिक की औसत से 394 रन बनाए हैं। कार्तिक ने कहा, मुझे लगता है कि अगर दक्षिण अफ्रीका उसे विश्व कप में नहीं ले जाता है तो वह बड़ी भूल करेगा। मुझे लगता है कि वह तैयार है। वह एक ऐसा व्यक्ति है जो एक कप्तान के रूप में, एक बल्लेबाज के रूप में अंतर पैदा कर सकता है। इसलिए, मैं वास्तव में चाहता हूं कि दक्षिण अफ्रीका के पूछने पर फाफ हां कहें क्योंकि अगर वह वहां हैं तो वह उस विश्व कप में प्रभाव डालेंगे।

# भारतीय फुटबॉल टीम ने हीरो इंटरकांटिनेंटल कप के लिए प्रशिक्षण शुरू किया

**भुवनेश्वर।** सुनील छेत्री के नेतृत्व वाली भारतीय फुटबॉल टीम ने इंटरकॉन्टिनेंटल फुटबॉल कप के तीसरे संस्करण के लिए ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में तैयारी शुरू कर दी है। नवीनतम फीफा रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत का सामना यहां कलिंगा स्टेडियम में फीफा इंटरनेशनल विंडो के दौरान 9 से 18 जून तक लेबनान, मंगोलिया और वानुअतु से होगा। यह हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप का तीसरा संस्करण होगा, जिसमें पिछले दो मुंबई (2018)



और अहमदाबाद (2019) में आयोजित किए गए थे। चार देशों का टूर्नामेंट सैफ चैंपियनशिप 2023 के लिए तैयारी कार्यक्रम के रूप में भी काम करेगा, जो 21 जून से बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

इस बीच, भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक ने आगामी हीरो इंटरकांटिनेंटल कप पर अपने विचार साझा किए और कहा, भारत एशिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक है और यह उनके लिए केवल लेबनान, मंगोलिया और वानुअतु जैसी टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए फायदेमंद है।

उन्होंने कहा, इसके अलावा, भुवनेश्वर के पास देश के सबसे अच्छे मैदान और बुनियादी ढांचा है, इसलिए यहां खेलने से हमें निश्चित रूप से हमारे आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी में मदद मिलेगी। विशेष रूप से, भुवनेश्वर हाल के वर्षों में अत्याधुनिक खेल क्षेत्र के रूप में उभरा है और कई शीर्ष-स्तरीय खेल आयोजनों की सफलतापूर्वक मेजबानी कर चुका है। शहर के कलिंगा स्टेडियम में फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप 2022 का सफलतापूर्व आयोजन किया जा चुका है, इसके अलावा यहां हॉकी की कई बड़ी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हो चुकी हैं, जिनमें विश्व कप भी शामिल है।

## संशोधित-ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं बिलाल अहमद डार

**नई दिल्ली।** पुनीत बालन ग्रुप (पीबीजी) 2018 से जम्मू और कश्मीर के प्रतिभाशाली युवाओं का समर्थन कर रहा है ताकि वे विभिन्न खेल विषयों में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर सकें। हाल ही में, समूह ने घाटी के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय साइकिलिस्ट बिलाल अहमद डार को अनुबंधित किया है, जो एक मान्यता प्राप्त एथलीट और समर्थन का हिस्सा है। पीबीजी डार को उसके मिशन में मदद करेगा और ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के उसके सपने को पूरा करने में मदद करेगा।

पुनीत बालन एक उद्यमी, फिल्म निर्माता, सामाजिक कार्यकर्ता, खेल प्रेमी हैं और 2018 से भारतीय सेना के साथ मुफ्त शिक्षा को बढ़ावा देने और घाटी में ड्रग्स और उग्रवाद से प्रभावित बच्चों के जीवन के पुनर्निर्माण के लिए काम कर रहे हैं। बालन समूह युवाओं को उनके सपनों को हासिल करने में मदद करने के लिए समर्पित है क्योंकि वे उत्कृष्टता और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पुनीत बालन समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक पुनित ने इस रोमांचक ऑनबोर्डिंग के बारे में बात करते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर में अपार क्षमता और प्रतिभा है और मैं इन एथलीटों को बढ़ावा देने और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं ताकि वे भारत का प्रतिनिधित्व करने और पेशेवर रूप से प्रतिस्पर्धा करने और देश के लिए पदक जीतने के सपनों को पूरा कर सकें। पुनीत बालन ग्रुप और इंद्राणी बालन फाउंडेशन के माध्यम से हमारा उद्देश्य इस क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा के खेल में लाने के लिए कई पहल करना है।

बिलाल ने कहा, मैं पुनीत सर और उनकी टीम द्वारा मुझ पर दिखाए गए विश्वास से बेहद खुश हूं। मेरा उद्देश्य ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है, एक ऐसी उपलब्धि जो अभी भी अछूती है और मैं इस सपने को सच करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मुझे पूरा भरोसा है मैं अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

पुनीत बालन समूह 2018 से जम्मू-कश्मीर के बिलाल अहमद डार जैसे युवाओं की आकांक्षाओं का समर्थन कर रहा है ताकि वे अपने सपने को पूरा कर सकें और एक खुशहाल जीवन जी सकें।

बता दें कि आफरीन हैदर (ताइक्वांडो), मुहम्मद सलीम (साइकिल चलाना) उमर शाह (क्रिकेट) और उमेर सैयद (खो खो) सहित 5000 युवा एथलीट हैं, जिन्हें ग्रुप द्वारा समर्थन दिया जा रहा है।

## आईपीएल में छह शतकों के बावजूद खुद को पर्याप्त श्रेय नहीं दियाः कोहली

**हैदराबाद।** विराट कोहली का मानना है कि उन्होंने स्वयं को इतने दबाव में ला दिया था कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में छह शतक लगाने के बावजूद उन्होंने कभी खुद को पर्याप्त श्रेय नहीं दिया लेकिन इसके साथ ही कहा कि उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लोग क्या कहते हैं वह इसकी परवाह नहीं करते। कोहली ने मैच के बाद कहा,'' मैं पिछले आंकड़ों पर ध्यान नहीं देता हूं। मैंने पहले ही खुद को बहुत अधिक दबाव में रखा है। यह आईपीएल में मेरा छठा शतक है। मैं अच्छी पारी खेलने के बावजूद कभी-कभी खुद को पर्याप्त श्रेय नहीं देता। इसलिए बाहर बैठकर कोई क्या कहता है मैं इसकी परवाह नहीं करता क्योंकि वह उनकी राय है।' कोहली की 130 के आसपास के स्ट्राइक रेट के कारण आलोचना होती रही है लेकिन वह लोगों को यह याद दिलाने से नहीं चूके कि वह अपनी फ्रेंचाइजी और राष्ट्रीय टीम की तरफ से किस तरह की जिम्मेदारी निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा,'' जब आप स्वयं उस स्थिति में होते हैं तो आप जानते हैं कि मैच कैसे जीतना है। मैं लंबे समय से ऐसा करता आ रहा हूं। ऐसा नहीं है कि जब मैं खेलता हूं तो अपनी टीम के लिए मैच नहीं जीतता हूं।

# फ्रेंच ओपन से हटे राफेल नडाल, 2024 में खत्म होगा करियर

**नई दिल्ली।**मौजूदा चैंपियन और रोलांड गैरोस के 14 बार के विजेता राफेल नडाल ने आगामी फ्रेंच ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। अपने अथक प्रयासों के बावजूद, नडाल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान लगी कूल्हे की चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं। नडाल ने ऑस्ट्रेलिया में लगी चोट की प्रगति के बारे में अपनी निराशा व्यक्त की और कहा कि 2024 उनके करियर का अंतिम वर्ष हो सकता है।

नडाल ने स्पेन के मानाकोर में अपनी राफा नडाल अकादमी में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,




मैं अगले साल के लिए 100 प्रतिशत तैयार रहूंगा, जो मुझे लगता है कि मेरे पेशेवर करियर का आखिरी साल होगा।

उन्होंने कहा,मैं अपनी वापसी के लिए कोई तारीख तय नहीं करूंगा। मैं देखूंगा कि मेरा शरीर कैसे प्रतिक्रिया करता है और यदि सब कुछ ठीक रहा तो मैं डेविस कप के लिए साल के अंत तक वापसी कर सकता हूं।उन्होंने कहा, अगर मैं इस समय खेलना जारी रखता हूं, तो मुझे नहीं लगता कि मैं अगले साल वहां रह सकता हूं ... ऑस्ट्रेलिया में मुझे लगी चोट से मैं अभी उस तरह नहीं उबर सका हूं, जैसा कि मैं चाहता था। इस समय, मैं रोलैंड गैरोस में नहीं हो पाऊंगा। यह टूर्नामेंट मेरे लिए खास है, आप कल्पना कर सकते हैं कि यह कितना मुश्किल है।

# जूनियर एशिया कप 2023 के लिए ओमान रवाना हुई भारतीय पुरुष हॉकी टीम

**बेंगलुरु ।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बहुप्रतीक्षित जूनियर एशिया कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए आज केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बेंगलुरु से ओमान के लिए रवाना हुई। भारत को पाकिस्तान, जापान, थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि कोरिया, मलेशिया, ओमान, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान पूल बी में है। एशिया कप की शुरुआत 23 मई से होगी, जबकि समापन 1 जून को होगा। उत्तम सिंह और उपकप्तान बॉबी सिंह धामी के नेतृत्व वाली टीम 10वें सुल्तान जोहोर कप में अपनी शानदार जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई होगी। टूर्नामेंट से पहले टीम के



उत्साह को दर्शाते हुए, कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, हम इस टूर्नामेंट के लिए विशेष रूप से पिछले कुछ महीनों में इतनी मेहनत करने के बाद आगे देख रहे हैं। सीनियर इंडिया टीम के साथ हम साई, बेंगलुरु में शिविर में थे। हमने उनके खिलाफ कुछ उच्च तीव्रता वाले मैच खेलें जिससे हमें हमारी तैयारियों में मदद मिली है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, पिछले साल सुल्तान ऑफ जोहोर कप जीतने से निश्चित रूप से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है और अब हम एशिया की कुछ शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि टीम में अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है जो उन्हें अन्य टीमों पर बढ़त दिलाएगा। उन्होंने कहा, टीम में हम में से कुछ लोगों ने पिछले तीन से चार वर्षों में अच्छा अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त किया है, हम में से कुछ ने अपनी सीनियर टीम की शुरुआत भी की है। इन मैचों के अनुभव हमें अच्छी स्थिति में रखेंगे और संकट की स्थिति में मार्गदर्शन में भी मदद करेंगे। बता दें कि जूनियर एशिया कप 2023 एक महत्वपूर्ण प्रतियोगिता है क्योंकि यह आगामी एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट के रूप में काम करेगा, जो इस साल दिसंबर में मलेशिया में खेला जाना है। जहां मलेशिया मेजबान होने के आधार पर क्वालीफाई करेगा, वहीं मेन्स जूनियर एशिया कप 2023 में शीर्ष 3 फिनिशर प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे।

# विराट कोहली ने छठा आईपीएल शतक लगाया, क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी की

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चार साल के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ शानदार शतक लगाया। यह आईपीएल में उनका छठा शतक है। स्टार बल्लेबाज ने अप्रैल 2019 के बाद से अपना पहला आईपीएल शतक लगाया।

आईपीएल 2023 में कोहली का यह पहला शतक था; उन्होंने टीम के पूर्व साथी क्रिस गेल (6) के लीग इतिहास में सर्वाधिक शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। कोहली के नाम अब क्रिस गेल (6) के साथ लीग के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे अधिक शतक हैं।

आरसीबी के सलामी बल्लेबाज कोहली अच्छी फॉर्म में थे लेकिन उनकी



धीमी शुरुआत के लिए उनकी आलोचना हो रही थी, हालांकि गुरुवार की रात, उन्होंने अपने आलोचकों को करारा जवाब देते हुए 62 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

मैच के 18वें ओवर में कोहली 100 रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर आउट हुए।

मैच की बात करें तो इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन के शानदार 104 रनों के शतक की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाए।

जवाब में आरसीबी ने विराट कोहली (100) के शतक और कप्तान फॉफ डु प्लेसिस (71) के अर्धशतक की बदौलत 19.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 187 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया।

